


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 56 | ग्वालियर शनिवार 3 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज़ ट्रैक


### 14 साल की लड़की से गैंगरेप, नाबालिगों ने स्कूल में दिया घटना को अंजाम



**दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है. यहां एक सरकार स्कूल में 14 साल की लड़की से 2 लड़कों ने रेप किया है. घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है. घटना माटुंगा इलाके के एक निकाय स्कूल की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार आठवीं कक्षा के छात्रों ने स्कूल के ही बाथरूम में अपने साथ पढ़ने वाली एक लड़की के साथ रेप किया है. पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है. मामले की जांच कर रही माटुंगा पुलिस ने बताया कि स्कूल में लड़की को अकेला देखकर उसके दो सहपाठियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया. पुलिस ने बताया कि इस घटना से पीड़िता काफी घबराई हुई है और उसके बड़ी मुश्किल से हिम्मत जुटाकर अपने साथ घटी वारदात की जानकारी अपने परिजनों को दी. लड़की की बात सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए, उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी.

**आरोपी जुवेनाइल कोर्ट में पेश**–पीड़िता के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 डीए और पोक्सो एक्ट से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया है. जिसके बाद कोर्ट ने उनको मुंबई के डोगंरी स्थित किशोर सुधार गृह में भेज दिया है. पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है.

### परेश रावल को सुबह-सुबह क्यों मांगना पड़ी माफी ?



गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले परेश रावल के एक बयान से जबरदस्त तूफान मचा है. हालांकि बढ़ते बवाल के बीच शुक्रवार 2 दिसंबर को सुबह-सुबह ही परेश रावल ने अपने बयान को लेकर लोगों से माफी भी मांग ली है. दरअसल गुजरात विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी जीत को लेकर राजनीतिक दल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं. पहले चरण का मतदान हो चुका है और इसके साथ ही सभी पॉलिटिकल पार्टीज की नजरें अब दूसरे और अंतिम चरण के मतदान पर टिकी हैं. यही वजह है दलों के स्टार प्रचारक अपने-अपने स्तर पर जनता के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं. यही नहीं भाषणों में नेताओं की जोरदार बयानबाजियां भी जारी है. ऐसे में अभिनेता परेश रावल ने एक विवादित बयान दे डाला. उनके बयान ने सिसायी संग्राम खड़ा हो गया. हालांकि विवाद बढ़ता देख परेश रावल को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने माफी मांग ली है. आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला.

### कैलिफोर्निया में धराया गोल्डी बराड़ सिद्धू के पिता ने बताया बड़ा अचीवमेंट



पॉपुलर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या मामले में बड़ी खबर सामने आई है. सिद्धू की हत्या का मास्टरमाइंड कहा जा रहा गोल्डी बराड़ अब एफबीआई के शिकंजे में है. दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में गिरफ्तार कर लिया गया है. भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इस बात की जानकारी मिली है कि, मूसेवाला की हत्या की साजिश रचने वाले गोल्डी बराड़ को 20 नवंबर के आस-पास कैलिफोर्निया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गोल्डी की गिरफ्तारी को लेकर सिद्धू मूसेवाला के पिता की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है. सिद्धू के पिता ने गोल्डी की गिरफ्तारी को बड़ा अचीमेंट बताया है. यही नहीं उन्होंने ये भी मांग की है कि, गोल्डी बराड़ को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और उसे सख्त सजा भी दी जाए.

**कैलिफोर्निया पुलिस ने नहीं की पुष्टि**–सिद्धू मूसेवाला मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ के गिरफ्तार किए जाने को लेकर जहां उनके समर्थकों में खुशी की लहर है, वहीं इस मामले में एक पेंच भी है, क्योंकि अब तक कैलिफोर्निया पुलिस की ओर से गोल्डी बराड़ के पकड़े जाने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.

**भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को मिले संकेत**–वहीं दूसरी ओर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी लगातार गोल्डी बराड़ को लेकर मिल रहे इनपुट्स पर नजर रख रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रॉ से लेकर आईबी तक सुरक्षा एजेंसियों को इस बात के कुछ संकेत मिले हैं कि, कैलिफोर्निया पुलिस ने गोल्डी बराड़ को कोई हलचल जरूर हुई है. पुलिस ने गोल्डी को ट्रैक करने के बाद उसे गिरफ्त में लिया है.

**इस वजह से सूत्रों पर ज्यादा भरोसा**–दरअसल भारतीय खुफिया एजेंसियों के बीते दिनों इस बात की जानकारी मिली थी कि, गोल्डी बराड़ ने कनाडा छोड़ने के बाद कैलिफोर्निया में अपना नया ठिकाना बना लिया है. गोल्डी यहां के अलग-अलग शहरों में अपने लिए सुरक्षित आवास तलाश रहा था. ऐसे में कैलिफोर्निया में उसकी गिरफ्तारी को लेकर मिली सूत्रों की जानकारी पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां काफी हद तक पुख्ता मान रही हैं.

**गोल्डी ने ली थी सिद्धू मूसेवाली की हत्या की जिम्मेदारी**–आपको बता दें कि 29 मई 2022 को ही सिद्धू मूसेवाला की पंजाब के मानसा जिले में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के गोल्डी बराड़ ने ली थी. सिद्धू के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ये खुलासा हुआ था कि, मूसेवाला को एक दो नहीं बल्कि 19 गोलियों से छलनी किया गया था.

## जी-20 मीटिंग, भारत एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए काम करेगाः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत के गुरुवार से औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर एक लेख में कहा कि देश एकता की सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा. भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक जी20 की अध्यक्षता करेगा. अपने लेख में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जी20 की पिछले 17 अध्यक्ष देशों ने मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को युक्तिसंगत बनाने, देशों पर ऋण-भार से राहत देने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण परिणाम दिए. आगे बताया गया कि, हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे और उन पर और निर्माण करेंगे. भारत सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक ही पांच मूल तत्वों से बना हुआ देखता है, जिसमें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष का पंच तत्व शामिल है. प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी जी20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभवों, सीखों और मॉडलों को दूसरे देशों को प्रस्तुत करेंगे. हमारी जी20 प्राथमिकताओं को जी20 भागीदारों के परामर्श से आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है. हमारी प्राथमिकताएं हमारे एक पृथ्वी



को ठीक करने, हमारे एक परिवार के भीतर सद्भाव पैदा करने और हमारे एक भविष्य की आशा देने पर केंद्रित होंगी. उन्होंने अपने लेख में कहा, अपने ग्रह को ठीक करने के लिए, हम भारत की प्रकृति के प्रति ट्रस्टीशिप की परंपरा के आधार पर टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे. लेख में आगे बताया गया कि, आज हम जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उसमें जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी का समाधान आपस में लड़कर नहीं, बल्कि मिलकर काम कर ही किया जा सकता है. सौभाग्य से, आज की तकनीक हमें मानवता-व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है. प्रधानमंत्री ने आगे कहा, सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं के साथ, भारत लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है. लोकतंत्र की जननी के रूप में, भारत की राष्ट्रीय सहमति फरमान से नहीं, बल्कि लाखों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है. इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं. जी20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की आबादी के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है. अपनी जी20 अध्यक्षता के दौरान, भारत पूरे भारत में कई स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा. अगले वर्ष आयोजित होने वाला जी20 शिखर सम्मेलन, भारत द्वारा आयोजित की जाने वाली सर्वोच्च प्रोफाइल अंतर्राष्ट्रीय सभाओं में से एक होगा.

### बीएसएफ का स्थापना दिवस आज, पीएम मोदी और अमित शाह ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** देश की सरहद की रक्षा करने वाली सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आज अपना 58वां स्थापना दिवस मना रहा है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अर्धसैनिक बलों के जवानों को शुभकामनाएं दी हैं. बता दें कि एक दिसंबर 1965 को बीएसएफ की स्थापना की गई थी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि सभी बीएसएफकर्मियों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई. यह भारत की रक्षा करने और अत्यंत परिश्रम के साथ हमारे देश की सेवा करने का एक उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक बल है. मैं प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बीएसएफ के नेक काम की भी सराहना करता हूं. वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाए रखने से लेकर अनेक विषम परिस्थितियों में अपने शौर्य और पराक्रम से देश की रक्षा करने वाले बीएसएफ के सभी वीरों को 58वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं. हमारे सीमा प्रहरियों की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा हर भारतीय को गौरवान्वित एवं प्रेरित करती है. गौरतलब है कि बीएसएफ की स्थापना वर्ष 1965 में भारत की सीमाओं की रक्षा और अन्तरराष्ट्रीय अपराध को रोकने के लिए की गई थी. बीएसएफ केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है. बांग्लादेश की आजादी में सीमा सुरक्षा बल की अहम भूमिका रही है.

## रेत की खदान का हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा, 7 मजदूरों की मौत



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है. बस्तर जिले में शुक्रवार को रेत की खदान धंसने से बड़ा हादसे हो गया है. खदान के मलबे में दबकर सात मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि अभी भी कई लोग खदान में फंसे हुए हैं. मरने वालों में एक पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं. स्थानीय लोगों ने पुलिस और एनडीआरएफ को इस हादसे की जानकारी दी. सूचना मिलते ही ह्ष्ठक्रस्न की टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में जुट गई है. यह घटना बस्तर जिले के जगदलपुर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर मालगांव में की है. छुई खदान में कुछ मजदूर रेत की खुदाई के कार्य में जुटे हुए थे. इसी दौरान रेत की खदान अचानक से धंस गई. खदान के मलबे में सात मजदूर दब गए. इन 7 में से 5 मजदूरों ने खदान के भीतर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो लोगों की हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस और तहसीलदार घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. हालांकि, अभी तक ये पता नहीं चल सका है खदान में कितने लोग दबे हुए हैं. आपको बता दें कि छुई खदान एक तरीके से चूना का स्वरूप है. खदान से चूना निकालकर ग्रामीण अपने घर की रंगाई-पुताई में उपयोग करते हैं. छुई खदान में घुसकर ग्रामीण इस चूने को खोदकर निकालते हैं. ईश्वर दिवंगत श्रमिकों की आत्मा को शांति एवं उनके परिवारों को हिम्मत दे। इस हादसे को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर दुख व्यक्त किया है. उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि मालगांव में एक खदान में हादसे के दौरान मजदूरों की मृत्यु का दुखद समाचार मिला है. दिवंगत श्रमिकों की आत्मा को ईश्वर शांति दे और उनके परिजनों को हिम्मद दे. इस हादसे में घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना करता हूं. खदान में फंसे अन्य लोगों की सुरक्षित निकलने की प्रार्थना करता है.

## पुलिस के हाथ अब तक खाली आफताब का आज पोस्ट नार्को टेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सिवाय नाकामी के कुछ हाथ नहीं लग पा रहा है. मर्डर केस के आरोपी आफताब के नार्को टेस्ट में भी पुलिस को असफलता मिली है. यही वजह है कि आज यानी शुक्रवार को आफताब का पोस्ट नार्को टेस्ट कराया जाएगा. जानकारी के अनुसार नार्को टेस्ट के दौरान आफताब ने पुलिस को ऐसा कुछ नहीं बताया है, जिससे उसको श्रद्धा मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने में कोई मदद मिले. आफताब ने नार्को टेस्ट के दौरान भी पुलिस को वही बयान दिया है, जो वो अब तक देता आ रहा था. इसका मतलब यह है कि इस जटिल केस की परतें खोलने में पुलिस को अभी और काम करना होगा. दिल्ली पुलिस आज दिल्ली की तिहाड़ जेल में आफताब अमीन पूनावाला का पोस्ट नार्को इंटरव्यू करेगी. पुलिस ने दावा किया है कि इस टेस्ट में श्रद्धा मर्डर केस से जुड़ी कोई बड़ी जानकारी निकलकर आ सकती है. पुलिस सुबह 10 बजे आफताब का टेस्ट करने तिहाड़ जेल पहुंचेगी. पोस्ट नार्को टेस्ट के तहत एफएसएल के चार अधिकारी और श्रद्धा मर्डर केस से जुड़े जांच अधिकारी आफताब से पूछताछ करेंगे. बताया जा रहा है कि इस बार भी अगर पुलिस टीम के हाथ कुछ नहीं लगता तो आफताब का फिर से टेस्ट कराया जा सकता है. क्योंकि श्रद्धा मर्डर केस दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश का बहुचर्चित केस बन चुका है, इसलिए आफताब को हाई रिस्क कैदी की कैटेगिरी में रखा गया है और जेल में उसकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

**क्या है मामला**–आपको बता दें कि महाराष्ट्र के पालघर की रहने वाली श्रद्धा की आफताब अमीन पूनावाला ने



गला घोटकर हत्या कर दी थी. इसके बाद आरोपी ने श्रद्धा की बॉडी के 35 टुकड़े करके उनको दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगा दिया था. पुलिस को इस मामले में जांच के दौरान महरौली और छतरपुर के जंगल से कई बॉडी पार्टस मिले हैं, जिनको फॉरेंसिक जांच के लिए भिजवाया गया है. इसके साथ ही पुलिस ने श्रद्धा के पिता विकास वॉल्कर का भी डीएनए सैंपल लिया है ताकि श्रद्धा के बॉडी पार्ट्स का डीएनए मैच कराया जा सके.

## राजधानी में एयर क्वालिटी बेहद खराब, लोगों का सांस लेना दूभर

**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का लेवल खराब से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है, जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सुबह भी पूरा दिल्ली-एनसीआर धुंध की सफेद चादर में लिपटा नजर आया. धुंध की वजह से कई जगहों पर तो विजिबिलटी शून्य पर पहुंच गई, जिसकी वजह से से लोगों को पास तक का देखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में आज सुबह 6 बजे के आसपास यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स 342 रिकॉर्ड किया गया.

इसके अलावा दिल्ली के दो इलाकों मॉडल टाउन का धीरपुर में वायु प्रदूषण का लेवल सबसे ज्यादा दर्ज किया गया, जो एक्यूआई 438 से भी ज्यादा रहा. जबकि एक दिन पहले गुरुवार को पंजाबी बाग में 401, रोहिणी में 402, आनंद विहार में 407 और बुराड़ी में 415 शामिल रहा. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आने वाले समय में वायु प्रदूषण की समस्या और गहरा



सकती है. वायु प्रदूषण का प्रभाव 4 दिसंबर को सबसे ज्यादा देखा जा सकता है. आपको बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में यूं तो वायु प्रदूषण का स्तर दिवाली के पहले से ही काफी खराब बना हुआ है, लेकिन पिछले 3-4 दिनों से इस समस्या ने विकट रूप ले लिया है. आलम यह है कि लोग खुली हवा में सांस लेने को मोहताज हो गए हैं और इस जहरीली हवा में उनका दम घुट रहा है. जिसकी वजह से उनको आंखों में तेज जलन, सीने में जकड़न, फेफड़ों से संबंधी बीमारियां और अस्थामा जैसी गंभीर बीमारियों से जूझना पड़ रहा है. डॉक्टरों ने सांस और अस्थामा के मरीजों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है. भारतीय मौसम विभाग की मानें तो मौसम और हवाएं इस समय दिल्ली के वातावरण के लिए अनुकूल नहीं हैं. लिहाजा अगले पांच से छह दिनों तक प्रदूषण का स्तर काफी खराब बना रहेगा.

## अग्नीविरों को नौकरी देने के लिए तैयार है कंपनियां, बातचीत शुरू

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां पूर्व अग्निवीरों को सेना में अपनी सेवा को पूरा करने के बाद तैनात करने के लिए उत्सुक थीं. अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुए नए सैनिक सिर्फ चार साल में सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त होंगे. रक्षा मंत्रालय ने पूर्व-अग्निवीरों के रोजगार के अवसरों के लिए भारतीय रक्षा उद्योग के साथ एक नौकरी उन्मुख बातचीत शुरू की है. रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय के साथ बातचीत के दौरान कंपनियों ने सशस्त्र बलों के साथ अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पूर्व-अग्निवीरों को तैनात करने की उत्सुकता व्यक्त की. भारतीय रक्षा उद्योग के साथ सत्र की अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने की. एल एंड टी, अदानी डिफेंस लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड, अशोक लेलैंड और अन्य सहित प्रमुख भारतीय रक्षा उद्योग घरानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने चर्चा में भाग लिया. रक्षा मंत्रालय के अनुसार कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रयास में अपने निरंतर समर्थन और प्रतिबद्धता से अवगत कराया और पहले बैच के सशस्त्र बलों के साथ अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद पूर्व-अग्निवीरों को तैनात करने की उत्सुकता व्यक्त की. उन्होंने आश्वासन दिया कि उपलब्ध कौशल के आधार पर अग्निवीरों के लिए आरक्षण के लिए उनकी भर्ती नीतियों में उपयुक्त प्रावधान किए जाएंगे. उद्योग की आवश्यकताओं के साथ अग्निवीरों द्वारा सीखे गए कौशल को जोड़ने के संबंध में कुछ सुझावों पर भी विचार किया गया.



रक्षा सचिव ने राष्ट्र निर्माण में लगे विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक समर्पित और अनुशासित युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के साथ अपने कार्यकाल के बाद अग्निवीरों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए सरकार के प्रयास पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के साथ अपने जुड़ाव के दौरान अग्निवीरों द्वारा प्राप्त कौशल एक उच्च सक्षम और पेशेवर कार्यबल बनाने में मदद करेगा जो उद्योग द्वारा उपयोगी और उत्पादक जुड़ाव के लिए आसानी से उपलब्ध होगा. रक्षा सचिव ने प्रतिभागियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया को स्वीकार करते हुए भारतीय रक्षा निर्माताओं से अपनी प्रतिबद्धता पर कार्य करने और कॉर्पोरेट भर्ती योजनाओं के तहत जल्द से जल्द नीतिगत घोषणा करने का आग्रह किया. अधिकारी ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने भारतीय रक्षा उद्योग के साथ इस बातचीत का आयोजन सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्च र्स के तत्वावधान में कंपनियों की कॉर्पोरेट भर्ती योजना के तहत पूर्व-अग्निवीरों के लाभकारी रोजगार के अवसरों की तलाश के लिए किया. देश के अलग-अलग हिस्सों में नेवी, आर्मी और एयरफोर्स में अग्नीवीर की भर्ती की जा रही है. उम्मीदवार, जो भारतीय सशस्त्र बलों में अग्निपथ भर्ती के लिए आवेदन करने में रुचि रखते हैं, वेबसाइट पर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं.

## साइबर हमलावरों ने जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक किया

**नई दिल्ली।** साइबर हमलावरों ने गुरुवार को जल शक्ति मंत्रालय के ट्विटर हैंडल को हैक कर लिया. पिछले सप्ताह एम्स दिल्ली का सर्वर हैक होने के बाद किसी सरकारी साइट पर यह दूसरा बड़ा साइबर हमला है. अधिकारियों ने कहा कि मंत्रालय के खाते की हैकिंग की संबंधित एजेंसियों द्वारा प्रारंभिक जांच शुरू की गई. खाते को शीघ्र ही बहाल कर दिया गया और हैक किए गए खाते से संदिग्ध ट्वीट हटा दिए गए. सूत्रों ने कहा कि हैकिंग मंगलवार सुबह हुई जब पेज पर संदिग्ध गतिविधि देखी गई. मामला तब सामने आया जब आज सुबह जल शक्ति मंत्रालय के खाते से पहली बार क्रिप्टो वॉलेट सुई वॉलेट को बढ़ावा देने वाला एक ट्वीट पोस्ट किया गया. इसके अलावा, सुई का



लोगो के साथ खाते की प्रोफाइल तस्वीर भी बदल दी गई थी. हैकिंग के बाद, मंत्रालय के हैंडल से किए गए ट्वीट में कई अज्ञात खातों को भी टैग किया गया था और बाद के ट्वीट्स में भी यही पैटर्न था. ट्विटर अकाउंट हैक होने का यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले इसी साल फरवरी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया था और इसमें क्रिप्टो दान पर ट्वीट्स किए गए. इससे पहले इसी साल जनवरी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ट्विटर अकाउंट को कुछ समय के लिए हैक किया गया था और हैकर्स ने अकाउंट का नाम बदल दिया था. इस बीच, 23 नवंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के सर्वरों को खराब करने वाले रैंसमवेयर हमले को पूरी तरह से हल किया जाना अभी बाकी है. कई एजेंसियां देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान पर साइबर हमले की जांच कर रही हैं.

# शिवपुरी जिले में चल रही अवैध खदानों को लेकर ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से है जहाँ ओबीसी महासभा के लोगों ने ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पपरेडु रेत खदान कल्याणपुर के ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज रावत एवं गजेन्द्र रावत एवं राज रियलस्टेट डवलपर्स कम्पनी के द्वारा रेत का अवैध उत्खनन एवं पन्डुब्बी और एलेन्टी मशीन के द्वारा उत्खनन किया जा रहा है फर्जी भण्डारण के नाम पर रसीदे काटकर के डंपर वालों से बीच रोड पर वसूली की जा रही है वर्तमान की स्थिति में मायनिंग का ठेका राजरियलस्टेट डवलपर्स कम्पनी के नाम से है चकि राजरियलस्टेट डवलपर्स कम्पनी के द्वारा 5 माह की खनिज विभाग की 5 करोड़ की किश्त राशि जमा नहीं की गई है इसलिये शिवपुरी कलेक्टर द्वारा खादानी को निरस्त करने के लिये खनिज अधिकारी के शिवपुरी के माध्यम से खनिकर्म पंचायत सुनारी में रेत का भंडारण स्वीकृत है उस भंडारण की वर्तमान की स्थिति में उस भंडारण में एक भी डंपर रेल नहीं है और न ही पहले से रेल का भंडारण किया गया है।



लोग नदी में पन्युच्ची डालकर के एलन्टी मशीन के द्वारा वर्तमान से रेत का खनन कर रहे हैं एवं शासन प्रशासन के खिलाफ फर्जीवाड़ा भी कर रहे है और न ही खनिज अधिकारी के द्वारा और न ही खनिज निरीक्षक के द्वारा समय-समय पर स्टॉप रजिस्टर चैक नहीं किया गया फर्जी पोर्टल पर जमा रोयल्टी के मात्रा को को फर्जी तरीके से काटी गई इसकी जांच की जाये एवं वर्तमान की स्थिति में रेत खदान कल्याणपुर को इसी रेत भंडारण की आड़ में सम्पूर्ण रेत जिला समूह को चलाना चाह रहे है और पंचायत का सरपंच मनोज रावत एवं ठेकेदार के साथ ही मिलकर के चितारी बजार कल्याणपुर एवं अन्य जगह से अवैध उत्खनन किया जा रहा है इन सभी की जांच करके संबंधित करता घरताओं के विरुध अवैध उत्खनन के प्रकरण दर्ज किये जाये एवं इनकी पन्डुब्बीय और मशीनों को राजसात किया जाये एवं ठेकेदारों के संबंधित अधिकारियों विरुध भी कार्यवाही की जाये क्योंकि वर्तमान भंडारण में एक भी डंपर रेल नहीं है और वर्तमान में पच्चीस हजार घन मीटर भंडारण में दर्शायी गई है इसकी जांच की जायें हम ग्रामवासियों के द्वारा निर्णय लिया गया हैकि यदि संबंधित अधिकारियों के कार्यवाही नहीं की जाती तो ओबीसी महासभी भोपाल मे जाकर मुख्य मंत्री आवास का घेराव करेगी।

**स्वास्थ्य मेला में उमड़े लोग उपचार के साथ मिली स्वास्थ्य योजना की जानकारी**

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गोहरापदर में किया गया स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहरापदर के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में 10 स्वास्थ्य संबंधी स्टाल लगाए गए थे। लोगों को विभिन्न तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख, कान ,नाक एवं गले की जांच की सुविधा मुहैया कराई गई। इसके अलावा दंत चिकित्सा, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीवी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही। जिसमें 93 मरीजों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर श्री गिरीकांत साहू, श्रीमती भुनेश्वरी साहू कुमारी राधिका ध्रुव श्रीमती पुष्पा शर्मा कुमारी संतोषी कंवर श्री रूपेंद्र कुमार ध्रुव, श्री नेम सिंह ध्रुव धनसाय कश्यप, कु. देमिन साहू, श्रीमती एस मरावी सेक्टर सुपर वाइजर मुख्य रूप में उपस्थित थे साथ में गांव के सभी मितानिन भी उपस्थित रहे।

# संभागायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सतनवाड़ा के मतदान केंद्र और कोलारस विकासखंड के सेसई सड़क मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और बीएलओ से जानकारी ली। मौके पर उपस्थित एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए। संभागायुक्त दीपक सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य महत्वपूर्ण है। संबंधित एसडीएम और तहसीलदार इसमें विशेष ध्यान दें। 18 वर्ष की आयु वाले नवीन मतदाताओं का नाम जोड़ें। इसके अलावा जिनकी मृत्यु हो गई है या जो किसी दूसरे स्थान पर चले गए हैं। विवाह होकर जो महिलाएं आई हैं ऐसे मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाना है। अभी अभियान के तौर पर 8 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण किया जाना है। इसलिए पूरी योजना के साथ काम करें। संभागायुक्त ने एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि स्कूल और कॉलेज में अभियान चलाकर नवीन युवा मतदाताओं के नाम जोड़े। इसके अलावा बीएलओ घर-घर जाकर संपर्क करें। संभागायुक्त के भ्रमण के दौरान कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।



# सेन जॉन्स छात्र छात्राओं ने चलाया एड्स व रक्तदान जागरूकता अभियान

**छुरा**- विश्व एड्स दिवस पर सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम के छात्र छात्राओं के द्वारा रेड रिबन लगाकर और एड्स व रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत एचआईवी/एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार कठिन प्रयास कर रहा है। एड्स नामक इस भयंकर बीमारी ने देश की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है। एचआईवी से संबंधित मामलों को पूर्ण रूप से खत्म किए जाने के प्रयास किए जा रहा है एवं



पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस प्रयास के अंशत~ सफलता पाई है। भारत को पूर्णता एड्स मुक्त होने में अभी काफी समय लगेगा क्योंकि अभी भी देश 15 से 49 वर्ष की उम्र के बीच के लगभग 25 लाख लोग एड्स से प्रभावित है। सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल के टीचर व समाजसेवी रोशन देवांगन, मनोज पटेल, रेखराम ध्रुव मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या.पोहरी के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त




**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** म.प्र.राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एम.बी.ओझा द्वारा अल्पसंख्यक महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्या.पोहरी के संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक डी.एस.दांगी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी कार्यक्रम के तहत आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 17 दिसम्बर, नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि 22 दिसम्बर, नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि 25 दिसम्बर, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव ल?ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन की तिथि 26 दिसम्बर, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि 31 दिसम्बर, रिक्त स्थानों के सहयोजन की तिथि 1 जनवरी 2023, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किए जाने की तिथि 1 जनवरी तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि 4 जनवरी निर्धारित की गई है।

# अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की छतरी पर हुआ विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

**सीहोर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक यात्रा के अंतर्गत स्थानीय कुंवर चैन सिंह की छतरी पर विचार एवं काव्य गोष्ठ का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ गीतकार श्री रमेश गोहिया ने की। मुख्य अतिथि साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री रामनारायण राठौर एवं श्री राकेश पुरोहित उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्व प्रथम कुंवर चैन सिंह की छतरी पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना गीतकार जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत लक्ष्मण सिंह और संदीप मेवाडा ने पुष्प माला पहना कर किया। संचालन डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। विशेष अतिथि मुख्य पुजारी राकेश पुरोहित ने कुंवर चैन सिंह की छतरी का इतिहास बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के अधीन रही सेना के से लड़ते-लड़ते 24 जुलाई सन 1824 में अपने साथियों के साथ शहीद हुए थे। वो दिन इतिहास के पन्ने में आज भी अंकित है। काव्य पाठ करने वालों में सर्व श्री रमेश गोहिया, रामनारायण राठौर, द्वारका बांसुरिया , हरिओम शर्मा, नारायण नवरंग, हरीश आर्य, विनोद पंसारी, जोरावर सिंह, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, आकाश माथुर, दीक्षा सिंह, संदीप मेवाड़ा के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर रितेश पुरोहित, नारायण सिंह, कुमकुम शर्मा, गोविंद लोवानिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्मण चौकसे ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।



# खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) बने दिनेश भदोरिया का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**गोरमी**- खंड शिक्षा अधिकारी यानी की ब्र्श्वह्र दिनेश भदौरिया का ग्रामीणों ने किया स्वागत, हम आपको बता दें कि मानहढ़ निवासी दिनेश सिंह भदोरिया कुशल व्यक्तित्व के धनी है जिनका सभी के प्रति निर्माण और सहज व्यवहार है, उनकेइसी कुशल व्यक्तित्व को देखते हुए उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी मेहगांव बनाया गया है, हम आपको बता दें कि मानहड निवासी दिनेश सिंह भदोरिया खंड शिक्षा अधिकारी के रुप में 25 नवंबर को अपना पदभार ग्रहण कर चुके, पदभार ग्रहण करने के उपरांत आज जब वह अपने निज ग्राम मानहड़ पहुंचे तो यहां उनके परिवार जनों एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया, इसके अलावा मानहढ़ संकुल के समस्त शिक्षक बंधु की स्वागत समारोह में पीछे नहीं रहे, सभी ने गाजे-बाजे के साथ माननीय भदोरिया का स्वागत सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, इस दौरान दिनेश भदोरिया ने सब को आश्वस्त करते हुए कहा शासन ने जो हमें शिक्षा विभाग का दायित्व सौंपा है दायित्व को हम पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे, बालकों की पढ़ाई के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बिना किसी जाति समाज के द्वेष भावना के निष्पक्ष रूप से अपने पद का निर्वाहन करेंगे, बालकों को बेहतर शिक्षा मिले जिससे हमारा जिला आगे बढ़े हमारा खंड आगे बढ़े हमारा गांव आगे बढ़े यही हमारी प्राथमिकता रहेगी, बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा, कार्यक्रम के इस अवसर पर आज मानह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संकुल प्राचार्य क्रांति सिंह, राजेश सिंह भदोरिया, अवधेश सिंह भदोरिया, किशोर सिंह भदौरिया अल्केश सिंह भदोरिया भूपेंद्र सिंह भदौरिया, दादा भदोरिया महेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया रवि प्रताप सिंह भदोरिया शैलेंद्र सिंह भदोरिया मुकेश सिंह भदोरिया नेपाल सिंह भदोरिया टिल्लू भदोरिया सहित 1 सैकड़ा से अधिक अध्यापक बंधु एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार**
**सिरवी। पाली राजस्थान**



रानी। फालना राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस (02 दिसंबर) के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल,पाली एवं राजस्थान अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,फालना में बच्चों को प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक करने हेतु चित्र प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिस में विद्यालय से 35 बालिकाओं ने भाग लिया. इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल,पाली से राम किशन कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता एव राजस्थान अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य रामकिशोर गोयल, उमेश शर्मा, अंकित राठौ?, हेमंत मूलचंदानी, एसडीएमसी सदस्य अमित मेहता, प्राध्यापक सुदर्शना वछेटा,किरन गर्ग,रुचिका,शिवलाल, शबाना मु?ल,श्रवण कुमार,मंजू मिश्रा, लीलाधर त्रिवेदी इत्यादि उपस्थित रहे एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता का सन्देश दिया।

# पाली विधानसभा से नए चेहरे के रूप में ठोकी ताल

**आजादी के 75 वर्ष बाद भी अनेक राजनीतिक दलों के नेताओं ने आम लोगों को जातियां समीकरण से जातियों में बांटकर उनका शोषण करते रहे- पुखराज सुथार**

**पुष्पांजलि टुडे, संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी, पाली राजस्थान**

पाली। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नवनिर्वाचित सदस्य पुखराज सुथार ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहां जब से देश आजाद हुआ है आजादी के 75 वर्ष बाद भी नेताओं ने आम लोगों को जातियों में बांटने का ही विकास किया है। इसी समीकरण के जरिए बार-बार चुनावों के समय शोषण करके उनको हक देने की बजाय उनको बनते अधिकारों से वंचित करते रहे है। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा लम्बे समय तक भाजपा ?के कद्दावर नेताओं ने मंत्री के आलावा अनेक विभिन्न पदों पर विराजमान होते रहे। भाजपा ने भी इस सीट पर कई बार विजय का परचम लहराते रहे पर विकास के लिए सिर्फ कागजों में ही बड़े-बड़े भाषणों के जरिए विकास के ढिंढोरा पीटते रहे और आज भी दोनों राजनीतिक दलों के नेताओं के नेतृत्व में सरकारें समय लम्बे समय तक बढ़ता भ्रष्टाचार और महंगाई से आम किसान मजदूर की हालत बहुत ही दर्दनाक बनी हुई है। फिर भी दोनों राजनीतिक दल अभी तक सिर्फ ग्रामीण लोगों से भारी मत हासिल कर जीतने के बाद विकास की गंगा बहाने के दावे सिर्फ कोरे कागजों की तरह बनकर रह गए हैं। आज भी पाली विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी राजस्थान विश्व प्रख्यात जवाई बांध का पानी पाली विधानसभा क्षेत्र के आसपास तलहटी में बसे हुए हजारों लोगों को पेयजल से वंचित करके बाहरी क्षेत्रों में पेयजल पहुंचाने का सिलसिला लम्बे समय से चलता रहा है। आज जवाई बांध के आसपास सैकड़ों गांव में पानी से आज भी ग्रामीण लोक वंचित चले आ रहे हैं। और खारा फ्लोरेडयुक्त पेयजल पीकर अनेक बीमारियों का भी शिकार होते जा रहे हैं।उन्होंने कहा राजस्थान की सरकार होते हुए भी एवं केंद्र में भाजपा के नरेंद्र मोदी की सरकार होने के बावजूद भी अनेक गाड़ियां जवाई बांध स्टेशन व अन्य स्टेशनों पर उनका ठहराव नहीं होने के कारण लम्बे समय से प्रवासियों की मांग केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्ण देसूरी क्षेत्र के होने के बावजूद भी अभी तक प्रवासियों कि इस समस्या पर भी किसी भाजपा सांसद और राज्यसभा सांसद ने भी क्षेत्र के लिए कोई ज्यादा विशेष रेलवे के विकास के लिए ध्यान नहीं दिया है। आज भी हजारों प्रवासी इस समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे पहले राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता के रूप में कई वर्षों तक कार्य निभाते रहे अब उन्होंने एनसीपी को छोड़कर



हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी मैं शामिल होकर नवनिर्वाचित सदस्य बनने के पहली बार पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। पाली सीट पर ताल ठोकते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी सदस्य पुखराज सुथार ने कहा मजदूरों किसानों व्यापारियों के अधिकारों के लिए एक लक्ष्य के रूप में राष्ट्रीय लोकतंत्रिक पार्टी प्रमुख हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार और इस क्षेत्र की पाली क्षेत्र के समस्याएं और युवाओं के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में अगर पार्टी सत्ता पर अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए बड़ी संख्या में सीटों पर विजय पताका लहराती है। तो युवाओं को उनके क्षेत्र में उद्योग लगाकर और अनेक योजनाओं के जरिए उनको रोजगार उनके अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा जिससे युवाओं को उद्योग के साथ-साथ कृषि विज्ञान में मैं भी बढ़ावा देने का अमूल्य समय मिलेगा। उन्होंने अपनी दावेदारी पर चर्चा करते हुए पत्रकार के सवाल के जवाब को देते हुए कहा लम्बे समय से पाली विधानसभा क्षेत्र वासियों की नए चेहरे की नया विकल्प के रूप में जनता क्षेत्र के लोग समाज के बीस हजार से ज्यादा मत समाज बंधुओं के होने के बावजूद इस बार परिवर्तन के लिए आवाज उठाकर आमजन को न्याय दिलाकर आगामी विधानसभा चुनावों में युवा नया इतिहास बनाने के लिए राष्ट्रीय लोकतंत्रिक पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाकर राजस्थान की सत्ता पर एक नया परिवर्तन नया इतिहास बनाने के लिए आगे आएंगे। उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव के मजबूत प्रबल दावेदारी को लेकर उनके विरोधियों मैं उनकी बढ़ती लोकप्रिय के कारण उनके होश उड़े हुए हैं। उन्होंने कहा अब तीसरा मोर्चा बनकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी शक्ति बनकर उभरेगी भाजपा कांग्रेस के भ्रष्टाचारी कुशासन को जड़ से मिटाकर किसानों के सच्चे हितैषी प्रदेश की बागडोर युवाओं के हाथ में देकर आगामी विधानसभा चुनावों में नया बराउजर इतिहास रचाएंगे ।

# राणी सती मंदिर में दादी का विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से हुआ संपन्न

## दादी भक्तों ने दादी की भजनों पर जमकर झूमा, दादी भक्तों के द्वारा किया गया आतिशबाजी का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे स्टेट हेड आनन्द शाही**



**हजारीबाग।** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी रानी सती मंदिर परिसर में राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सबसे पहले अग्रसेन भवन से भव्य बरात निकाली गई बारात के आगे आगे ढोल नगाड़े चल रहे थे तो वही पीछे कई दादी भक्त दादी की जयकारों की गूंज लगाते हुए अपने कदमों को आगे बढ़ा रहे थे। मंदिर परिसर पहुंचने के पश्चात दादी भक्तों के द्वारा आतिशबाजी की गई। वही दादी भक्तों ने दादी के भजनों पर जमकर झूमा। मंदिर परिसर पहुंचने के पश्चात भव्य बारात संपन्न हुई बारात में तनधन जी स्वरूप बालक बालिका मौजूद थे वही मंदिर परिसर में दादी स्वरूप बालक बालिका थी। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया जिसके बाद दादी का भव्य श्रृंगार किया गया। दादी भक्तों ने दादी नाम की जमकर गूंज लगाई। दादी के विवाह उत्सव के दौरान दादी जी की हॉजी, मुकलावा जैसे अनेकों कार्यक्रम को आयोजित की गई। जिसके पश्चात दादी की विवाह उत्सव का रस में प्रारंभ किया गया रस्म की समाप्ति के पश्चात दादी भक्तों ने तनधन जी, दादी जी से आशीष आशीर्वाद लिया।

जिसके पश्चात महिला मंडल की महिलाओं के द्वारा दादी को अनेकों सामान चढ़ाई गई। भव्य आरती के साथ ऐतिहासिक रूप से कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी दादी भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर दादी भक्तों ने बताया कि मां रानी सती दादी का जन्म कार्तिक शुक्ला नवमी मंगलवार को डोकवा ग्राम में सेठ गुरसामल मां गंगा देवी के घर में हुआ। इनका नाम नारायणी बाई रखा गया । यह बचपन में धार्मिक व सतियों वाला खेल खेलती थी। बड़ी होने पर सेठ ने उन्हें धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र शिक्षा व घुड़सवारी की शिक्षा भी दिलाई थी। बचपन से ही इनमें दैविक शक्ती नजर आती थी। जिससे गांव के लोग आश्चर्य चकित थे । नारायणी बाई का विवाह हिसार राज्य के सेठ जालीराम जी के पुत्र तनधन दास के साथ मंगसीर नवमी को हुआ। शुक्रवार का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से दादी की कृपा से संपन्न हुआ सफल करने में दादी पार्क का अहम योगदान रहा। मौके पर तमाम दादी भक्त मौजूद रहे।

# थाना पोरसा पुलिस ने अवैध 315 बोर का एक कट्टा एक कारसूत सहित जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**केशव पंडित जी अम्बाह...**

**पोरसा।** थाना पोरसा पुलिस द्वारा अवैध 315 बोर का एक कट्टा मय एक कारतूस के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना श्री आशुतोष बागरी, भापुसे तथा श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राय सिंह नरवरिया द्वारा अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों को पकडने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान परमाल सिंह मेहरा, एस0डी0ओ0पी0 महोदय, अंबाह द्वारा अवैध हथियारों को पकड़ने के संबंध में लगातार निर्देश प्राप्त हो रहे थे। जिस पर से श्रीमान टीआई रामपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 01/12/22 को शाम के मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति शहीद पेट्रौलपंप के सामने कट्टा लिये वारदात की नियत से घूम रहा है, सूचना मिलने पर बाल अपचारी के कब्जे से एक 315 बोर कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के जप्त कर अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया।




**अपचारी के विरूद्ध अप.क. 583/22 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम किया**-गया अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय मुरैना पेश किया जा रहा है। उक्त सराहनीय कार्य में महत्वपूर्ण योगदान थाना पोरसा से थाना प्रभारी आरपीएस जादौन, उनि. दुर्गेश सिंह भदौरिया, सउनि आरडी इंदौरिया, प्र.आर. 40 नीरज तोमर, आर0 1325 सुभाष गुर्जर, आर. 404 नरेन्द्र सिंह भदौरिया, आर. 525 बृजेश सेंगर, आर. गोविंद भदौरिया की अहम भूमिका रही।

# पीएचडी के लिए 900 सीट तय, टेस्ट के लिए महीने के अंत तक हो सकती है सूचना जारी

**ग्वालियर ।** जीवाजी विश्वविद्याल ने पीएचडी की 900 खाली सीटें चिह्नित की है। इन सीटों की जानकारी प्रवेश समिति के पास भेज दी हैं,। इस महीने के अंत तक पीएचडी की टेस्ट के लिए सूचना जारी हो सकती है। क्योंकि डीन को खाली सीट की पुष्टी की जिम्मेदारी दी है। डीन खाली सीटों की इस महीने पुष्टि कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा का इंतजार है। प्रवेश को लेकर समिति व डीन धीमी गति से काम कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने ने काम शुरू कर दिया है।जीवाजी विश्वविद्यालय ने 2017 में पीएचडी में प्रवेश परीक्षा कराई थी। उसके तीन साल बाद जनवरी 2021 में प्रवेश परीक्षा कराई गई थी। इस वर्ष फिर से प्रवेश के लिए परीक्षा कराई जानी है। जेयू ने अपने स्तर व गाइडों से खाली सीटों की जानकारी मांगी थी,



# सफाई मित्रों की मीटिंग कर उपाध्यक्ष ने सफाई को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर परिषद दबोह में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने व दबोह को नम्बर 01 बनाने के लिए नगर परिषद परिसर में नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने सफाई मित्रो की बैठक ली।जिस दौरान उन्होंने नगर को 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण में किस तरह बेहतर बनाकर नम्बर वन पर लाना है उसपर जोर डाला गया।जिसके साथ ही उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सफाई के कड़े निर्देश भी दिए।इस दौरान उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी,स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर,पार्षद पति मेहताब सिंह,जगमोहन तेहरिया व निकाय के स्वच्छता प्रभारी उपस्तिथ रहे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में तीन दर्जन से अधिक मामले आए, सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का दिया निर्देश




**पुष्पांजली टुडे स्टेट हेड झारखंड**
**आनन्द शाही**

**झारखंड।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग तीन दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन,भूमि अधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

# कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री बृजेंद्रप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ**
**हरिचरण प्रजापति**

**पन्ना,** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। इसी आदेश के परिपेक्ष्य में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में जनभागीदारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने आज मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं शहर के गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एच. एस. शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री जय प्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री बाबूलाल यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविराज सिंह यादव, समाजसेवी श्री विष्णु पांडे, श्री विनोद तिवारी, श्री शिवराम गोस्वामी डॉ पुनीत खरे एवं अन्य समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए महाविद्यालय के विकास की अपनी योजनाओं का जिक्र किया। कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने श्री राजेश गौतम को बधाइयां देते हुए महाविद्यालय के विकास की नई कार्य योजना तैयार करने का जिक्र किया। उन्होंने महाविद्यालय के विकास का नवीन मॉडल एवं मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश भी दिया एवं इस संबंध में शासन की ओर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. एच. एस. शर्मा ने महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन पढ़ते हुए विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं महाविद्यालय की क्रीडा संबंधी गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, एनएसएस, एनसीसी की गतिविधियों व उपलब्धियों के साथ ही अकादमिक व शोध संबंधी उपलब्धियों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एस.एस. राठौर ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उषा मिश्रा, डॉ. उमा त्रिपाठी, डॉ. एस. पी. एस. परमार, डॉक्टर जे. के. वर्मा, डॉक्टर मनोरमा गुप्ता, डॉ विनय श्रीवास्तव, सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# कुबेरेश्वर धाम में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ

## आगामी दिनों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी खुलेगा

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्टीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने पिता स्व. श्री रामेश्वर दयाल मिश्राजी की स्मृति में निशुल्क एम्बुलेंस सुविधा प्रारंभ की है। इस सुविधा से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में आश्रम में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी संचालित किया जाएगा। इस केन्द्र से कुबेरेश्वरधाम आने वाले व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा का लाभ मिलने लगेगा। केन्द्र में उपलब्ध सभी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा समिति के द्वारा जागरूकता के लिए स्वास्थ्य संबंधी शिविरों का आयोजन करने की भी योजना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर देशभर में लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। हर रोज यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन आदि की व्यवस्था निशुल्क की जाती है। भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा शनिवार से गुजरात में होने वाली कथा में जाने से पहले शुक्रवार को निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा समर्पित की है। जिससे श्रद्धालुओं और आस-पास के ग्रामीणों को इसकी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अब गंभीर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए बिल्कुल भी परेशान नही होना पड़ेगा। आम नागरिकों को विठलेश सेवा समिति की तरफ से निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा की सौगात दी है, लाखों रुपए की लागत की यह एंबुलेंस आश्रम में आने वाले मरीजों के लिए निःशुल्क चलाई जाएगी।



शुक्रवार को सुबह उन्होंने अपने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने में लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआड़ हकीकत यह है कि हमारा जन्म अपने पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने के लिए हुआ है। यदि हमने पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए होंगे तो इस जन्म में प्रतिफल के रूप में हमें आनंद की प्राप्ति होगी। हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि विपरीत परिस्थिति में भगवान शिव ही तुम्हारे साथ रहेंगे। भगवान शिव को जल तो चड़ाना लेकिन छल कपट से मत चड़ाना। मन में कपट रखकर जल मत चड़ाना। निष्कपट भाव से, निर्मल मन से निर्मल ह्रदय से शिव जी को जल चड़ाएं। उन्होंने कहा कि एक लोटा जल हर समस्या का हल है।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** कर्नाटका रक्षण वेदिके द्वारा केजी रोड स्थित अलंकार प्लाजा में कन्नड़ राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया करवे प्रदेश अध्यक्ष नारायण गौड़ा ने ध्वजारोहण कर मां भुनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया एकत्रित रक्त का संग्रहण बेंगलुरु ब्लड बैंक ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से महेंद्र मुणोत को माला व मैसूर पेटा पहनाकर सम्मानित किया गया।

# धैर्य के साथ वाहन चलाकर बचा सकते है जानः आशुतोष बागरी पुलिस अधीक्षक मुरैना

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह**

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक आसुतोष बागरी ने कहा कि बडे ही दुर्भाग्य की बात है कि भारत में हर साल करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या करीब डेढ़ लाख तक है । सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होने वाली मौत के मामलों में भारत दुनिया भर में पहले क्रम पर आता है , जबकि दुर्घटनाओं के मामले में अमेरिका पहले , जापान दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर है । क्या कभी आपने सोचा है कि भारत में सड़क हादसों की वजह से होने वाली मृत्यु दर अधिक क्यों है ? इसकी सबसे बड़ी वजह है यातायात नियमों की अनदेखी करना । यदि बाइक चालक ने हेलमेट पहना हो , चार 7 पहिया चालक व यात्रियों ने सीट बेल्ट लगाया हो , गति नियंत्रित हो , वाहन चलाने का सही तरीका पता हो तो दुर्घटना और मृत्युदर दोनों को कम किया जा सकता है । यह बात यातायात अभियान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विशेष सत्र में पुलिस कप्तान आसुतोष बागरी मुरैना ने कही । और स्वम अभियान चलाकर बिधार्थियो व ग्रामीणो में चोपाल लगाकर के यातायात नियमों की जानकारी दी गई और बताया कि सड़क



दुर्घटना के कारण और उसके बचाव के बारे में बताया श्री बागरी ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे 18 से 35 वर्ष की उम्र के युवाओं द्वारा गलत तरीके से वाहन चलाने के कारण होते हैं । 2013 में 3813 लोगों की मौत हेलमेट नहीं लगाने के कारण हुई ,जबकि 1735 लोग कार में सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण अपनी जान गंवा बैठे । हमें यह सोचना होगा कि हम अपने परिवार के लिए बहुत अनमोल हैं । जब कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल होता है तो जितने वक्त उसका उपचार चलता है , उतने वक्त के लिए वह खुद तो परेशान होता ही है । साथ ही परिवार भी परेशान में आ जाता है । इसके अलावा परिवार की आर्थिक स्थिति , बच्चों की शिक्षा और घर की व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ता है । हमारा जीवन और यातायात दोनों एक जैसे हैं जरा सी चूक ब?ी क्षति का कारण बनती है श्री बागरी ने कहा कि हमारे शहर में लगभग 9.50 लाख वाहन पंजीकृत हैं और शहर की अधोसंरचना वर्तमान में ऐसी नहीं है कि इतने वाहन सड़क पर सहजता से चल सकें । इसलिए ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बनती है । सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हमें सबसे पहले तो समय का ध्यान रखकर गंतव्य के लिए रवाना होने की आदत डालना होगी , जिससे आप तेज गति से वाहन चलाने से बचेंगे दूसरा नशा करके तो बाहन बिल्कुल न चलाये इसके अलावा हमें वाहन चलाते वक्त अनुशासित रहने , धैर्य से काम लेने और सहनशील बनने की बहुत आवश्यकता है । आपको यह समझना होगा कि जिंदगी अमूल्य है और सांसें अनमोल हैं । वाहन चलाने से पहले उसका प्रशिक्षण लेना और नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है । हो सकता है कि आप सही तरह से वाहन चला रहे हों , लेकिन कोई और गलत ढंग से गाड़ी चला रहा हो । ऐसे में आपको ध्यान देना और खुद बचाव करते आना चाहिए ।

# बिखरे विपक्ष का पूरा लाभ ले रही बीजेपी

हिमाचल प्रदेश के विधान सभा के चुनाव 12 नवम्बर हो गये जहां मतदान प्रतिशत पहले से कम रहा। अब 1 दिसम्बर एपं 5 दिसम्बर कों विधान सभा चुनाव गुजरात राज्य में होने जा रहे है जहां पूरे देश की नजर टिकी हुई है। 8 दिसम्बर को दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणम एक साथ आयेंगे। इन चुनावों में सत्ता पक्ष भाजपा कांग्रेस आप एवं ओवैसी नेतृत्व वाली राजनीतिक पार्टी मुख्य रूप से चुनाव मैदान में है। एक तरफ भाजपा है दूसरी ओर अन्य राजनीतिक पार्टियां अपने अपने दम पर चुनाव लड़ रही है जिनमें आपसी कोई मेल मिलाप नहीं हैं निश्चित तौर पर विपक्ष के इस बिखराव का लाभ भाजपा को पूर्ण रूप से मिलेगा। चुनावी सर्वेक्षण में दोनों राज्यों में भाजपा को आगे बताया जा रहा है। इस तरह के परिवेश इन दोनों राज्यों में फिर से सत्ता में भाजपा की वापसी दर्शा रहे है।

गुजरात में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में जहां भाजपा जोर - शोर से प्रचार - प्रसार में लगी हुई है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कई रैलियां गुजरात विधानसभा चुनाव परिदृश्य में आयोजित की गई। साथ ही देश के गृह मंत्री अमीत साह के साथ -साथ असम उत्तर प्रदेश भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भाजपा अध्यक्ष जे पी चड्डा एवं कई वरिष्ठ भाजपा नेता गुजरात में पड़ाव डाले हुये है। गुजरात राज्य भाजपा शासित केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमीत साह का गृह प्रदेश भी है। इसी कारण गुजरात चुनाव भाजपा के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है। जहां की जीत हार आगामी लोक सभा चुनाव को भी प्रभावित करने वाली है। इसी राज्य में आप पार्टी भी जोर शोर से प्रचार - प्रसार में लगी हुई है और सत्ता तक पहुंचने का दावा कर रही है जबकि गुजरात में ऐसा होना नाममुकिन है। गुजरात राज्य की राजनीतिक स्थिति पंजाब से अलग है। गुजरात राज्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमीत साह का गृह प्रदेश है जिसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलना स्वाभाविक है। पंजाब में चुनाव पूर्व कांग्रेस द्वारा कैख् अमरेन्द्र सिंह को हटाकर नये मुख्यमंत्री बनाये जाने से कांग्रेस कमजोर हो गई जिसका राजनीतिक लाभ आप को मिला आप सत्ता तक पहुंच गई । पंजाब में भाजपा का वजूद कोई खास नहीं था। पर गुजरात एवं हिमाचल में कांग्रेस सत्ता के करीब है जहां कांग्रेस में फिलहाल कोई बगावत नहीं। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस चुनाव उपरान्त दूसरे नं. की राजनीतिक पार्टी रहेगी। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस को आप एवं ओवैसी की राजनीतिक पार्टी से नुकसान होने की संभावना है। इन दोनों को वोट कटुवा कहा जा रहा हे।

राजनीति में उतार चढ़ाव तो आते ही रहते। हिमाचल में इस बार सत्ता परिवर्तन की उम्मीद की जा रही थी पर आप एव ओवैसी के प्रवेश से कांग्रेस का वोट बैंक जरूर प्रभावित हुआ है। यह प्रभाव गुजरात में भी देखने को मिलेगा। इस तरह विपक्ष के बिखराव का राजनैतिक लाभ भाजपा को मिलना स्वाभाविक है।

# ...इसीलिए नहीं भाती संकीर्ण लोगों को शिवाजी की उदारता

मध्ययुगीन भारत के सर्व समाज के लोकप्रिय शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम को लेकर अक्सर कोई न कोई विवाद खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है। शिवाजी के नाम का राजनैतिक लाभ तो सभी उठाना चाहते हैं परन्तु उनके शासन करने की शैलीउनकी उदारताधार्मिनिर्पेक्ष मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सभी पर्दा भी डालना चाहते हैं। इसके बजाये शिवाजी महाराज के जीवन व उनके व्यक्तित्व को अपने अपने राजनैतिक लाभ के मद्देनज़र अनेक नेता व राजनैतिक दल अपने ही तरीक़े से परिभाषित करने की कोशिश करते रहते हैं। शब्दों के हेर फेर से उनके वृहद मक़सद पर पर्दा डालकर कुछ संकीर्ण विचारों वाले संगठन व इनसे जुड़े नेता शिवाजी को भी अपने संकीर्ण विचार के फ़्रेम में फ़िट करना चाहते हैं। परन्तु उपलब्ध दस्तावेज़ व इतिहास के स्वर्णिम पन्ने इन संकीर्ण सोच रखने वालों की इन कोशिशों पर हमेशा पानी फेर देते हैं। और तभी यह अतिवादी संकीर्ण लोग इतिहास बदलने की मुहिम चलाने लगते हैं और वास्तविक इतिहास को झुठलाने में लग जाते हैं।

शिवाजी के नाम पर छिड़ा ताज़ा विवाद महाराष्ट्र के राजयपाल व आर एस एस के समर्पित प्रचारक रहे भगत सिंह कोश्यारी द्वारा दिये गये एक बयान को लेकर छिड़ा है जिसमें उन्होंने शिवाजी को पुराना आदर्श और बाबासाहेब आम्बेडकर व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को नया आदर्श बताया। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कथित तौर पर यह भी कहा कि- शिवाजी ने मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब से पांच बार माफ़ी मांगी थी। शिवाजी के अपमान का यह मामला अब मुंबई उच्च न्यायालय तक पहुँच गया है जहाँ एक याचिका दायर कर कोश्यारी को राज्यपाल पद से हटाने की मांग की गई है। साथ ही इसी याचिका में राज्यपाल कोश्यारी व भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के विरुद्ध एफ़ आई आर दर्ज करने की मांग भी की गई है। शिवाजी के तेरहवें वंशज उदयन राजे भोंसले ने तो यहाँ तक कहा है कि - कोश्यारी एक थर्ड क्लास व्यक्ति है। इसे राज्यपाल पद से हटाकर राजभवन से बाहर करना चाहिए। क्योंकि वह यहाँ बैठने के क़ाबिल नहीं। इसे राजभवन से निकालकर वृद्धाश्रम भेज देना चाहिये।



कोश्यारी अथवा किसी अन्य भाजपा अथवा संघ परिवार के नेता द्वारा शिवाजी ही नहीं देश के किसी भी शासक अथवा नेता के उदारवादी व धर्मनिरपेक्ष पक्ष पर पर्दा डालना और उसी घुमा फिरा कर अतिवादी हिंदूवादी बताना इनकी दूरगामी रणनीति का एक हिस्सा है। अन्यथा जिस संघ व भाजपा के लोग पौराणिक कथाओं के महापुरुषों को अनंत काल तक के लिये मानव आदर्श मानते हों उनका मध्ययुगीन भारतीय इतिहास के महान नायक को पुराना आदर्श बताना आश्चर्य का विषय है। याद कीजिये वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवाणी ने पाकिस्तान में जिन्ना की मज़ार पर जाने के बाद जिन्ना को धर्म निरपेक्ष नेता बताकर अपना पूरा राजनैतिक कैरियर समाप्त कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि टीपू सुल्तान जैसे देशभक्तउदारवादी व धर्मनिरपेक्ष शासक को बदनाम करने में भी यह अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं। इनके आदर्श केवल वही हैं जो घोर अतिवादी हिंदुत्व पर विश्वास करने वाले हैं। भले ही वे अंग्रेज़ों के चापलूस ही क्यों न रहे हों।

इतिहासकारों ने सप्रमाण लिखा है कि शिवाजी ने 1645 में पहली बार हिंदवी स्वराज्य शब्द का प्रयोग किया था। इस हिंदवी स्वराज्य का अर्थ विदेशी ताक़तों से छुटकारा पाना और अपना यानी हिन्द के लोगों का राज्य स्थापित करना था न कि हिन्दू राष्ट्र बनाना। शिवाजी धर्म की राजनीति में विश्वास नहीं करते थे। वे धर्मनिरपेक्ष थे और उन्होंने अपने राज्य को धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया था। शिवाजी का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप इन्हें भला कैसे नज़र आयेगा क्योंकि शिवाजी ने तो अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने एक भव्य मस्जिद का निर्माण केवल इस मक़सद से करवाया था ताकि उनके मुस्लिम सैनिककर्मचारी तथा मुस्लिम रिआया (प्रजा ) को नमाज़ अदा करने में आसानी हो। जबकि अपने इसी महल की दूसरी तरफ़ अपने पूजा पाठ के लिये जगदीश्वर मंदिर का निर्माण कराया था। जब गुजरात में एक चर्च पर आक्रमण हुआ और चर्च क्षतिग्रस्त हुआ उस समय शिवाजी ने ईसाई पादरी फ़ादर अंब्रोज़ की आर्थिक सहायता कर चर्च के पुनरुद्धार में उनकी मदद की। मस्जिदों चर्चों को गिराने व उनपर हमला करने कराने वालों से भला शिवाजी का यह राज धर्म निभाना कैसे सहन हो सकता है ?

शिवाजी की सेना में न केवल बड़ी संख्या में मुसलमान शामिल थे बल्कि उनके अफ़सरों और कमांडरों में भी बहुत सारे लोग मुसलमान थे। शिवाजी के सबसे विश्वासपात्र सहयोगी एवं उनके निजी सचिव का नाम मुल्ला हैदर था। शिवाजी के सारे गुप्त दस्तावेज़ मुल्ला हैदर की सुपुर्दगी में ही रहा करते थे तथा शिवाजी का सारा पत्र व्यवहार भी उन्हीं के ज़िम्मे था। मुल्ला हैदर शिवाजी की मृत्यु होने तक उन्हीं के साथ रहे। 'पूना महज़र' जिसमें शिवाजी के दरबार की कार्रवाईयां दर्ज हैं उसमें 1657 ई में शिवाजी द्वारा अफ़सरों और जजों की नियुक्ति किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। शिवाजी की सरकार में जिन मुस्लिम क़ाज़ियों और नायब क़ाज़ियों को नियुक्त किया गया था उनके नामों का ज़िक्र भी 'पूना महज़र' में मिलता है। जब शिवाजी के दरबार में मुस्लिम प्रजा के मुक़द्दमे सुनवाई के लिए आते थे तो शिवाजी मुस्लिम क़ाज़ियों से सलाह लेने के बाद ही फ़ैसला देते थे।

मुसलमानों से नफ़रत करने वाले कुछ लोग उस समय शिवाजी की सेना में भी थे जिन्हें शिवाजी का मुसलमानों पर भरोसा करना रास नहीं आता था। वे उनके विरुद्ध साज़िशें भी रचते रहते थे। ऐसी ही एक घटना का दस्तावेज़ी सुबूत आज भी मौजूद है। दरअसल शिवाजी के वफ़ादार नेवल कमाण्डरों में दौलत ख़ान और दरिया ख़ान सहरंग नाम के दो मुसलमान कमाण्डर प्रमुख थे। जब यह लोग पदम् दुर्ग की रक्षा में व्यस्त थे उसी समय एक मुसलमान सुल्तान सिद्दी की फ़ौज ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। शिवाजी ने अपने एक ब्राह्मण सूबेदार जिवाजी विनायक को यह निर्देश दिया कि दौलत ख़ान और दरिया ख़ान को रसद और रुपये पैसे फ़ौरन रवाना कर दिए जाएं। परन्तु सूबेदार विनायक ने जानबूझ कर समय पर यह कुमुक (सहायता) नहीं भेजी। शिवाजी को जब यह पता चला तो इस बात से नाराज़ होकर शिवाजी ने सूबेदार विनायक को उसके पद से हटाने तथा उसे क़ैद में डालने का हुक्म दिया। अपने आदेश में शिवाजी ने लिखा कि- 'तुम समझते हो कि तुम ब्राह्मण हो इसलिए मैं तुम्हें तुम्हारी दग़ाबाज़ी के लिए माफ़ कर दूंगा? तुम ब्राह्मण होते हुए भी कितने दग़ाबाज़ हो कि तुमने सिद्दी से रिश्वत ले ली। लेकिन मेरे मुसलमान नेवल कमाण्डर कितने वफ़ादार निकले कि अपनी जान पर खेल कर भी एक मुसलमान सुल्तान के विरुद्ध उन्होंने मेरे लिए बहादुराना लड़ाई लड़ी।'

## क्यों कर रहे लोग एक-दूसरे की निंदा

लोकतंत्र में सभी नेताओं और दलों को स्वतंत्रता होती है कि यदि वे करना चाहें तो हर किसी की आलोचना करें लेकिन आजकल नेता लोग एक-दूसरे की निंदा करने और नकल करने में नए-नए प्रतिमान कायम कर रहे हैं। राहुल गांधी को देखकर लगता है कि नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी भाई-भाई हैं। हालांकि दोनों के बौद्धिक स्तर में ज्यादा फर्क नहीं है लेकिन मोदी के आलोचक भी मानते हैं कि राहुल के मुकाबले मोदी बहुत अधिक प्रभावशाली वक्ता हैं। वे जो बात भी कहते हैं वह तर्कसंगत और प्रभावशाली होती है जबकि राहुल का बोला हुआ लोगों की समझ में ही नहीं आता। कई बार राहुल के मुंह से ऐसी बातें निकल जाती हैं जो कांग्रेस पार्टी की परंपरागत नीति के विरुद्ध होती हैं। फिर भी राहुल की हरचंद कोशिश होती है कि वह मोदी के विकल्प की तरह दिखने लगें। राहुल ने मोदी की तरह अपनी दाढ़ी बढ़ा ली है। और बिल्कुल मोदी की तरह धोती लपेटकर मूर्ति के आगे साष्टांग दंडवत करना पूजा-पाठ करना तिलक कढ़वाना और प्रसाद खाना वगैरह की अदाएं ऐसी लगती हैं कि जैसे कोई नेता मोदी की प्रामाणिक नकल कर रहा है। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर खुलकर प्रहार करना ताकि मुस्लिम वोट थोक में पट सकें और दूसरी तरफ उज्जैन के महाकाल जैसे मंदिर में जाकर लेट जाना ताकि भाजपा के हिंदू वोटों में सेंध लग सके लेकिन भारत के आम लोग भी क्या इन नौटंकियों की असलियत को नहीं समझते हैं? क्या आपको याद पड़ता है कि कभी आपने नेहरु जी और अटलजी जैसे बड़े नेताओं को ऐसी नौटंकी करते देखा है? राहुल तो राजनीति के कच्चे खिलाड़ी हैं लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आप क्या कहेंगे?

# अच्छे लेखन के लिए स्वाध्याय और साक्षात्कार भी चाहिए

अच्छे लेखन के लिए लेखक को अध्ययनशील होना चाहिए। यह विषय सरल और सहज लगता है । परंतु समझना चाहें तो अति सूक्ष्म और गहन है। इसके दो भाग हैं- अच्छा लेखन और दूसरा, स्वाध्याय या अध्ययनशीलता। एक तीसरा विभाग है जिसे अनुभव कहते हैं या साक्षात्कार कहते हैं।

अच्छा लेखन अर्थात अच्छे विचार, अच्छा विषय विस्तार और उसका का स्पष्ट निर्वहन हो , जो पठनीय साहित्य में स्थान प्राप्त कर सकें। साहित्य क्या है ? संग्रहीत की हुई या प्राकृतिक रूप से संग्रहित होने वाली वाणी । कहते हैं वाणी आकाश में व्याप्त हो जाती है। ऐसे साहित्य की कोई सुनिश्चित परिभाषा नहीं हो सकती। साहित्य क्या है ? साहित्य एक टूलबॉक्स की तरह महत्वपूर्ण सामग्री है, जो जीवन में उपयोगी होती है। टूल बॉक्स में तरह-तरह के छोटे बड़े औजार और उपकरण होते हैं । ये सहज और कठिन परिस्थितियां सुलझाने में काम आते है। साहित्य शब्द के पहले एक शब्द छुपा हुआ है । वह है %ज्ञान% अर्थात ज्ञान साहित्य। जीवन के प्रत्येक अवस्था में यह % ज्ञान साहित्य % काम आता है। यह हमें विषम परिस्थितियों का सामना करने के लिए मार्ग दिखाता रहता है।

संक्षेप में, सांसारिक, आध्यात्मिक या लौकिक -पारलौकिक उत्थान के लिए साहित्यकारों के, चिंतकों के साहित्य की आवश्यकता होती है।

**साहित्य समाज का दर्पण मात्र नहीं**

कुछ लोग कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है। यानी जो जैसा है वैसा दिखाना ही साहित्य है! तो समाचार पत्रों में समाज का दर्पण रोज ही दिखाई देता हैं। स्वतंत्रता के पूर्व के समाचार पत्रों को रद्दी नहीं समझते थे। समझदार लोग उन दिनों अखबार रद्दी में नहीं बेचते थे। स्वतंत्रता के बाद , समाचार पत्र थोड़ा बहुत संभाला जाता था। उन दिनों इसे वर्तमान पत्र पर कहते थे । जो वर्तमान में भविष्य की नींव रखते थे। अब इसकी दशा बहुत बदल गई है , बल्कि दयनीय हो गई है। ? साथ ही पूर्णतया कमर्शियल हो गई है। अब तो समाचार पत्र पत्रिकाओं की आयु घंटे भर की भी नहीं है।ये एण्ड थ्रो जैसी। आजकल बड़े-बड़े समाचारों पत्रों के समूह उसके दाम यह कहकर ले रहे हैं कि इससे ज्यादा मूल्य की तो इसकी रद्दी होगी। स्पष्ट है इन समाचार पत्रों में साहित्य नहीं है। ऐसे समाज के दर्पण का क्या उपयोग जो दिशा ना दे सके, जो केवल सूचना समाचारों से ही भरें रहते हैं। मार्गदर्शक ना बन सके। इस समय समाचार पत्र जो बिकता है वहीं परोस रहे हैं।

व्यवहारिक साहित्य फिर भी साहित्य व्यवहारिक या सांसारिक या आध्यात्मिक और आत्मज्ञान का होता है। जो साहित्य *व्यवहारिक होता है वह* *भौतिक जीवन यापन के* लिए अनिवार्य होता है। सुख संवर्धन, मोह, संवेदना , मनोरंजन और प्रेरणा आदि दैहिक पूर्ति के लिए जो प्रयत्न और प्रयोजन होते हैं वह सब व्यवहारिक साहित्य से जुड़े होते हैं। इसमें किस्से कहानियां , उपन्यास, लेख गद्य, निबंध, आदि आते हैं। इसकी रचना शैली गद्य -पद्य और नाटक, प्रहसन आदि होते है। इसी में वह सारा साहित्य आता है जो शिक्षा दीक्षा, रोजगार , प्रशिक्षण आदि से जुड़ा होता है। उसी आधार पर संग्रहित होता रहता है।

**दूसरा साहित्य, आध्यात्मिक** : अथवा आत्मा की उन्नति का होता है।

इसमें वेद,स्मृति,दर्शन,उपनिषद आदि आते हैं। आत्मिक सुख या मन की शांति के लिए यह साहित्य होता है। प्राचीन काल में छापे खाने नहीं थे । इसलिए ताड पत्रों, लकड़ी की परतों, पतरो, ताम्र पत्र और पत्थरों तथा स्मारकों पर भी इन्हें संक्षेप में अंकित किए जाते थे। यद्यपि भारत की वर्णमाला बहुत प्राचीन है । तथापि उस समय लेखन सामग्री का इतना विकास नहीं हुआ था । तब, लेखन कार्य बहुत कठिन कार्य था। आज बहुत तकनीकी विकास हुआ है। अतः विशेष रचनाओं को कंठस्थ कराया जाता था । इस तरह साहित्य के साथ स्मृति का विकास हुआ। श्रुति और स्मृति न केवल साहित्य में नहीं अपितु संगीत नृत्य में भी शास्त्रोंक्त रूप में समाविष्ट थी। आज भी अनेक विद्वानों को वेद मंत्र, भगवत गीता, संस्कार विधियां ,सुभाषित, सूक्तियां, मंत्र ,श्लोक, दोहे, छंद चौपाइयां , कुंडलियां, मुक्तक आदि याद है। वाल्मीकि रामायण, वेदव्यास के अनेक विषयों के ग्रंथ, इसी तरह दर्शन शास्त्रों के प्रवर्तकों ने जो जीवन रहस्य और आत्मोन्नति के मार्ग शास्त्रों में दिखाएं है। वह भी बहुत बड़ा सूक्ष्म और गंभीर साहित्य है। संत कवियों का साहित्य सुन सुन कर कानों में बस गया और होठों पर थम गया।

# उपचुनाव के संघर्ष में फंसी राजस्थान भाजपा

राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वही मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है। पूनिया का कहने का आशय था कि राजस्थान में विधानसभा के जो उपचुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस पार्टी जीती है। भाजपा सिर्फ राजसमंद विधानसभा सीट का ही उपचुनाव जीत पाई है।

राजसमंद में भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी के निधन होने से उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट देकर भाजपा ने उपचुनाव लड़वाया था और दीप्ति माहेश्वरी चुनाव में जीत गई थी। इसके अलावा अन्य सभी सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा की हार हुई थी। इतना ही नहीं भाजपा ने धरियावद से पार्टी विधायक गौतम लाल मीणा के निधन से हुए उपचुनाव में उनके बेटे कन्हैया लाल मीणा का टिकट काटकर खेत सिंह को चुनाव लड़वाया था। जहां भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के पूर्व विधायक नगराज मीणा के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने जितने भी विधानसभा उप चुनाव जीते उन सभी सीटों पर मृतक विधायकों के परिवार जनो को ही प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति फैक्टर का फायदा उठाया था। जबकि भाजपा ऐसा करने में विफल रही।

चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर भाजपा ने पूर्व में चार बार चुनाव लड़ चुके अशोक पिंचा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अशोक पिंचा एक बार 2008 में जीतने में सफल भी रहे थे। मगर उसके बाद लगातार हारते रहे हैं। हालांकि पिंचा ने उप चुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया था। मगर पार्टी नेतृत्व ने उन्ही पर भरोसा जताते हुए उन्हें उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार दिया। सरदारशहर विधानसभा सीट भाजपा के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है। भाजपा प्रत्याशी सिर्फ दो बार 1980 में भाजपा के मोहनलाल चुनाव जीते थे। मगर उनके निधन पर 1982 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के केसरी चंद बोहरा जीतने में सफल रहे थे। 2008 में भाजपा के अशोक पिंचा चुनाव जीते थे। इसके अलावा सरदार शहर में भाजपा कभी कोई चमत्कार नहीं दिखा पाई थी।




कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है। लालचंद मुंड जाट समाज से आते हैं तथा एक बार पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पिछले पांच साल से डेयरी चेयरमैन है तथा पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं। अभी उनकी पत्नी सरपंच है। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाट मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में यदि जाट मतदाता लालचंद मुंड के पक्ष में एकजुट हो जाते हैं तो चुनावी संघर्ष काफी कड़ा हो सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा ब्राह्मण समाज से हैं। अनिल शर्मा को गहलोत सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। उनके पिता भंवरलाल शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष थे तथा राजस्थान में भैरोसिंह शेखावत की सरकार में नहर मंत्री रह चुके थे। सरदारशहर से सात बार जीतकर भंवरलाल शर्मा राजस्थान के बड़े नेता माने जाते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा को जहां सहानुभूति के वोट मिलने की पूरी संभावना है। वही वह स्वयं भी अपने पिता के साथ राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के मतदाताओं से उनकी सीधी पहचान है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होने का भी उनको पूरा फायदा मिलेगा। अशोक शर्मा के नामांकन के वक्त स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद रहे थे। राजस्थान के राजस्थान सरकार के कई मंत्री विधायक सरदारशहर उपचुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की स्वयं की छवि काफी साफ-सुथरी है। मगर उन्हें पार्टी की तरफ से भरपूर सहयोग नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा के चुनाव प्रभारी बनाए जाने के कारण वसुंधरा गुट के नेता ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। अर्जुनराम मेघवाल सांसद बनने से पहले कुछ समय तक चूरू जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इसी कारण उनको सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव की कमान दी गई है। अर्जुनराम मेघवाल बड़बोली किस्म के नेता है। इसलिए वह पार्टी नेताओं को एकजुट करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। अशोक पिंचा को पार्टी टिकट दिलाने में पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां व विधानसभा में उप नेता राजेंद्र राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने ही पिंचा को चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया था।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लगातार चुनाव में हारने के कारण सतीश पूनिया की छवि एक हारने वाले प्रदेश अध्यक्ष की बन चुकी है। इसी कारण प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने पिछले दिनों बयान भी दिया था कि यदि पार्टी के सभी नेता मिलकर मेहनत करेंगे तो हम उपचुनाव जीत सकते हैं। सरदार शहर में भाजपा की स्थिति मजबूत करने के लिए वसुंधरा सरकार में मंत्री रहे राजकुमार रिणवा व गहलोत सरकार में संसदीय सचिव रहे जयदीप डूडी को भाजपा में शामिल करवाया गया है। दोनों नेताओं को उपचुनाव में सक्रिय भूमिका होकर मेहनत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

राजकुमार रिणवा 2018 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के कारण रतनगढ़ से निर्दलीय चुनाव लड़े थे और जमानत जप्त करवा बैठे थे। फिर वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मगर वहां भी उन्हें महत्व नहीं मिला था। इस कारण वह काफी दिनों से भाजपा में आने का प्रयास कर रहे थे। मगर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने उनकी घर वापसी रोक रखी थी। लेकिन विधानसभा उपचुनाव के कारण उनकी घर वापसी हो गई। इसी तरह भादरा से निर्दलिय विधायक रहे जयदीप डूडी भी कांग्रेस में थे मगर वहां भी उनकी दाल नहीं गली तो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये।

## अभ्यस्त

होती है बचपन की उम्र बनने संवरने की,
जीवन भर का रोना अगर गलत दिशा झोंक दी,
इंसान जब गलत आदतों का होता शिकार,
प्रवेश कर जाते मन में विकार,
धीरे-धीरे उसमें धंसता चला जाता,
खुद को असहाय और असमंजस में पाता,
मन बुद्धि का उगता सूरज होता अस्त,
बुरी आदतों का न होना अभ्यस्त।
लगती कई ठोकरें संभल न पाता,
रह रहकर खुद का जीवन है रुलाता,
भले ही शुरू में औरों ने आदत डाली,
भले ही औरों की जेब कर दी खाली,
बन गया अब पिंजरे का पंछी,
जिंदगी अधर में लगती है फंसी,
जीवन की लड़ाई में होता परास्त,
बुरी आदतों का न होना अभ्यस्त।
गलत आदतें करती इंसान को खोखला,
जाता है छोटी-छोटी बातों पर बोखला,
बात- बात पर झूठ के पुलंदे गढ़ना,
अपनी गलतियों को औरों के माथे मढ़ना,
मान -इमान से जाता गिर,
नई कोई फायदा पटकता है सिर,
होता मुश्किल करना खुद को दुरुस्त,
बुरी आदतों का न होना अभ्यस्त।
चाहता उसके अपने गलती से बचें,
फिर भी वे खुद इन बातों में रचे,
पता है इनको कहां गलत दिशा,
लूट जाने पर मांगते भिक्षा,
छुपाते हैं अपनी सारी बुराई,
आती है शर्म देखकर दूसरों की अच्छाई,
बिताते हैं फिर जिंदगी रहकर अस्वस्थ,
बुरी आदतों का न होना अभ्यस्त।
तंग गलियों से निकलने का रास्ता निकालो,
मन की इंद्रियों को जरा समय पर संभालो,
न बिगड़ो कभी बनकर अंजान,
बिताओ न जिंदगी को कभी सुनसान,
करो काम ऐसा निडरता झलके,
आंसुओं से न भीगा कभी भी पलकें,
अनमोल है जीवन न कर नष्ट
बुरी आदतों का न होना अभ्यस्त।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

मिशन 2023 विधानसभा 24

# लोकसभा के लिए कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूती प्रदान करें : जय प्रकाश राजौरिया

## 1480 पोलिंग बूथों पर मतदाता सूचियों में वोटरों के नाम जुड़वाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएं देवेंद्र सिंह नरवरिया, मधुबन होटल में जिला संगठन प्रभारी राजौरिया पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने जिला प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिला संगठन प्रभारी जय प्रकाश राजौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है यहाँ व्यक्ति नहीं विचार भाव से काम करते हैं जिनका परिश्रम, पराकाष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भाव से ही आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है मिशन 2023 विधानसभा और 2024 लोकसभा का चुनाव मोड पर खड़ा है जिसके लिए हम सभी 26 मंडलों के पोलिंग बूथों को मजबूती प्रदान कर भाजपा की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाए यह कार्य जब होगा जब हम नीचे स्तर तक अपने संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे यह बात उन्होंने भिंड शहर के होटल मधुबन में जिला नेतृत्व से नियुक्त किए गए मंडल की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने की संचालन जिला महामंत्री धीर सिंह भदौरिया आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। जिला संगठन प्रभारी राजौरिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पोलिंग बूथों पर सुनामी में बदलने का काम करें पार्टी कार्यकर्ता ताकि हर गरीब मजदूर और किसानों को योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोडा जा सकें। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने जिले के मंडल प्रभारियों को आवश्यक निर्देशित करते हुए कहा कि जो आपको जिले से 10 बिंदुओं के आधार पर फॉरवर्ड दिया गया है जिसके आधार पर हम पोलिंग बूथ पर जाकर जिसे भरे और ताकि संगठन का काम गति प्रदान कर पोलिंग बूथ को मजबूत बनाया जा सके जिले के सभी 26 मंडलों में मंडल अध्यक्ष इसी संगठन की रचना को लेकर काम करेंगे।

**संगठन कार्य की रचना को लेकर मोर्चा और प्रकोष्ठ की होगी बैठक**-जिला में प्रभारियों की मधुबन होटल में आयोजित बैठक में संगठनात्मक रचना के कार्यक्रमों को लेकर 10 दिसंबर को जिले के सभी 26 मंडलों में एक साथ बैठकें आयोजित की जाएगी । और वही 5 और 6 दिसंबर को मोर्चा की जिला मुख्यालय पर बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें किसान मोर्चा की बैठक 5 दिसंबर को पीपरी मंडल के ग्राम पंचायत दीनपुरा में आयोजित की जाएगी महिला मोर्चा की बैठक समय दोपहर 2:00 बजे जिला अस्पताल के सामने सम्राट होटल में आयोजित होगी इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक निर्धारित तारीखों में होगी जिसमें जिले के संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया तथा जिला संगठन के मंडल प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। जिला प्रभारियों की बैठक में अनिल कटारे, राजकुमारी जैन, उपेंद्र शर्मा, डॉ तरुण शर्मा, उपेंद्र राजौरिया, राधा कृष्ण शर्मा, पिंकी शर्मा, राजेश कौरव, अनिल सिंह कुशवाह, आभा जैन, विजय दैपुरिया, शिवराज सिंह यादव, विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट, मनोज शास्त्री, अस्फाक खान, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है जिसका स्मरण करने से भगवान की श्री शक्ति प्राप्त होती है :ओपीएस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के ग्राम मेंहदवा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचकर कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी है और हमारी भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान है जिसका स्मरण करने से भगवान की ईश्वरी शक्ति मानव के हृदय में प्रकट होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कि 16 बाल लीलाओं का वर्णन श्रीमद् भागवत कथा के जन्म से लेकर और महाभारत तक और गीता का उपदेश व्यास गद्दी पर बैठे हुए कथावाचक, प्रवक्ताओं के माध्यम से उनकी अमृतवाणी से सुनने का अवसर प्रदान होता है, हमें इसका प्रचार-प्रसार करना चाहिए ताकि हमारी पुरानी संस्कृति फिर आध्यात्मिकता की ओर आगे बढ़कर सनातन धर्म का प्रचार करे जो कि हमारी मुख्य पहचान है। राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि श्रीराम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा हमारे लिए संजीवनी की तरह काम करती है जिस व्यक्ति ने सच्चे मन भाव से कथा का स्मरण किया उनके मन में भगवान की शक्ति प्राप्त होती है और जो उपदेश व्यास गद्दी पर हमारे कथावाचक कथा का स्मरण कराकर हमें देते हैं, हमें सच्चे भाव से इसे सुनते रहना चाहिए और अपने धर्म के प्रति जागृत होकर समाज को भी आगे बढ़ाने के लिए उपदेश देंगे यही कथा का सारांश है क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से लोगों को सनातन धर्म और हमारी हिंदुत्व की पहचान को आगे बढ़ाने का काम किया ब्रजमंडल की चौरासी कोस में बसे हुए श्रीकृष्णजी के अनेकों रूप हैं जो व्यक्ति गोवर्धन की पूजा के लिए जाते हैं उनकी सभी मनोकामना को

**एतद् श्रीमद्भागवतम् पुराण**
**कथितं श्रीकृष्ण लीलामृतम्।**

राज्यमंत्री मेहगांव के ग्राम मेंहदवा में सतेंद्र सिंह राजावत द्वारा आयोजित






पूर्ण किया जाता है । चित्रकूट अयोध्या वृंदावन गोकुल और

श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुए और व्यास पीठ के दर्शन किए एवं

## राज्यमंत्री भदौरिया श्रीमद् भागवत कथा ग्राम मेंहदवा में शामिल हुए

बरसाना यह हमारे धार्मिक स्थान है । द्वारकाधीश एक महत्वपूर्ण नाम है और श्रीकृष्णजी ने सुदामा जी के साथ जो मित्र बनकर उनका साथ दिया ऐसे ही हमें अपने लोगों से मित्रता करनी चाहिए और सभी को सच्चाई का साथ देना चाहिए।

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त किया। और वही कार्यकर्ताओं के घर में आयोजित शादी समारोह में पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। उनके साथ मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह बघेल शंभू सिंह राजावत, और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एच.आर.घोरमारे सीएम - राईज प्रधानपाठक प्राथमिक विद्यालय बोलेगांव को दी बिदाई

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ**
**पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

2 दिसंबर को लांजी अंतर्गत सीएम- राईज विद्यालय बोलेगाँव में पदस्थ एच.आर. घोरमारे प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बोलेगाँव को हर्षोल्लास के साथ में बिदाई दी गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बी.आर. गुरदे प्राचार्य सीएम- राईज विद्यालय बोलेगाँव , उपाध्यक्ष प्रवीण चंद्र साहू उप-प्राचार्य, प्रमुख अतिथि चंदनवार सर प्रभारी संकुल प्राचार्य भानेगांव, शिवेंद्र ऊके बीआरसी, विशेष अतिथि बी.सी. वैष्णव सेवानिवृत्त शिक्षक, गंगाराम घोरमारे प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बोरगांव, होलराज चौहान जनशिक्षक भानेगाँव, श्रीमती सी. के. घरते प्रधानपाठिका माध्यमिक शाला बोलेगांव की प्रमुख उपस्थिति में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व सरस्वती माता की छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन करके किया गया। साथ ही स्वागत की बेला में उपस्थित पदाधिकारियों व छात्रों द्वारा एच.आर.घोरमारे और उनकी धर्मपत्नी सुलोचना घोरमारे का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना ममता पिल्हारे व डीलेश्वरी उइके शिक्षिका द्वारा व स्वागत गीत आठवीं कक्षा के छात्राओं ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के उदबोधन में बी. आर गुरदे सर ने कहा कि एच.आर. घोरमारे जी सरल, सहज व व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी होने के साथ ही विभागीय शैक्षणिक गतिविधियों को याद कर उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए आभार व विद्यालय के अन्य शिक्षकों हेतु हमेशा प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। साथ ही अन्य शिक्षक साथियों ने अपने उदबोधन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन व आभार नंदकिशोर बाहेश्वर ने किया। इस कार्यक्रम में सीएम- राईज के शिक्षक फतूलाल रिनायत, सरोज पटले, लक्ष्मीचंद घोरमारे, मनोज लाड़े, मुकेश पांचें, संजय कुमार मेश्राम, युवराज कुशले, कैलाश वैरागढ़े, प्रहलाद गोखले, गोपालकृष्ण तुरकर, रत्नाकर गणवीर, रीता वाकड़े, रविप्रकाश सहारे, साधना भगत, सुरेश मेश्राम, नंदकिशोर बाहेश्वर, दुर्गा हरडे, ममता पिल्हारे, डीलेश्वरी ऊइके, रामेश्वर कावरे, विनोद बागड़े, संजय ऊइके, सुकेंद्र नगपुरे, रीना देशमुख, संदीप गायकवाड, पंकज उरकुड़े, शुभम श्रीवास, राकेश नारनौरे संचालक लिबर्टी लर्निंग सेंटर, गैर शैक्षणिक कर्मचारी, छात्र -छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# आयुर्वेद और योग के समावेशन में छिपा है हर संभव बीमारी का इलाज : डॉ. महिमा शर्मा

## आयुष मंत्रालय भारत सरकार के कोविड-19 के खिलाफ लक्ष्य में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा व्यक्तिगत रोग निवारण में अहम भूमिका

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी कोविड-19 महामारी के दौरान व्यक्तिगत देखभाल के लिए आयुर्वेदिक निवारक उपाय और कोविड-19 के प्रबंधन के लिए आयुर्वेद और योग पर आधारित राष्ट्रीय बैदानिक प्रबंधन प्रोटोकॉल के आधार पर कोविड-19 के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए तथा अन्य संभव रोगों के निवारण में आयुर्वेद आधारित आहार और जीवन शैली दिशा निर्देशन द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान अहम भूमिका निभा रहा है। बता दें कि क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान केंद्रीय आयुर्वैदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आता है जिसमें एक डॉक्टरों की टीम ग्राम में जाकर लोगों को व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को समझकर आयुर्वेद द्वारा हर संभव निवारण में जुटे है। इसी तरह डॉक्टरों की एक टीम आयुर्वेद दवाओं के साथ ग्राम बिरखड़ी, तहसील गोहद के अंतर्गत गरीब असहाय एस सी के लोगों के लिए हर गुरुवार को अपनी सेवा देने में समर्पित है। एससीएसपी प्रोजेक्ट के तहत डॉक्टर महिमा शर्मा द्वारा आयुर्वेदिक दवा के साथ उनका इलाज सरकार की तरफ से फ्री किया जाता है बिरखड़ी हनुमान जी मंदिर बजरिया में 28 अप्रैल 2022 से शुरू किया है और 31 मार्च 2023 तक चलेगा यहां बता दें कि एस सी के लोग बिरखड़ी के अलावा अन्य गांव और शहरों से भी आते हैं, डॉक्टर महिमा शर्मा व उनकी टीम सही समय 10 बजे सुबह मंदिर में पहुंचकर मरीजों को देखना प्रारंभ करती हैं और दोपहर 2:00 बजे तक मरीजों को देखती हैं यहां सभी तरह की इनकी ब्लड शुगर अन्य सैंपल लेकर जांच की जाती है 2:00 बजे के बाद पूरी टीम के द्वारा घर-घर जाकर इस सीजन का सर्वे किया जाता है गुरुवार को पूरे इलाज व सर्वे मैं पूरी टीम कार्य करती है डॉक्टर महिमा शर्मा की योग्यता देखते हुए उनके अपना अनुभव की लोग तारीफ करते नही थकते। जिस व्यक्ति को







दवा दी उसे पूरी तरह स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है लोग अंबाह, पोरसा, गोहद, चिनकूपुरा, सिरसौदा, रठीयापुरा और पूरा बिरखड़ी गांव आता है डॉ महिमा शर्मा से इलाज के लिए यहां हर गुरुवार को मंदिर पर भीड़ लगती है डॉ शर्मा हर गुरुवार करीबन 100 से अधिक मरीजों का उपचार कर रही हैं। डॉ महिमा शर्मा व उनकी टीम में फार्मासिस्ट रवि कुमार, कार्यालय सहायक सुदीप पुरेनदर, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र धाकड़, वाहन चालक नवीन है। सभी लोग वाले से आते हैं।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया छात्रावास का औचक निरीक्षण, कई कमिया मिली






**घाटीगांव।** घाटीगांव तहसील के अंदरर्गत आने वाले आदिवासी छात्रावासों में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 6 श्रीपत सिह ने औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कई उन्हें कई कमिया देखने को मिली। जिला पंचायत सदस्य ने सर्वप्रथम शासकीय छात्रावास उम्मेदगढ़ में बालक एवं बालिकाओं से भोजन एवं अन्य चीजों के बारे में चर्चा की, पढाई के बारें में जानकारी ली तो पता चला कि पांच टीचरों में से मात्र 2 ही आते है टोटल 70 छात्रों में केवल 13 बच्चे उपस्थित मिले, सीनियर बालिका छात्रावास के ग्राउण्ड में घास बहुत ज्यादा मात्रा में खडी है वहीं मीनू के अनुसार खाना नहीं मिलता है इसी क्रम में शासकीय सीनियर छात्रावास एवं शासकीय कन्या आश्रम का भी निरीक्षण किया, वहां पर भी कई प्रकार की कमिया देखने को मिली, वहीं चारों छात्रावासों में साफ सफाई के साथ साथ खाद्य सामग्री भी मापदंड के अनुसार नहीं मिले। जिला पंचायत सदस्य ने 7 दिवस का समय छात्रावास अधीक्षक को दिया है कि 7 दिवस में अगर व्यवस्थाऐं नहीं सुधरी तो बडा धरना देते हुये जिला कलेक्टर को आवेदन के साथ अवगत कराया जाएगा।

# शादी/बारात समारोह के दौरान बंदूक लेकर चलना एवं समारोह के दौरान हर्ष फायर करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस द्वारा वैवाहिक एवं अन्य समारोह के दौरान बंदूक लेकर चलना एवं समारोह के दौरान हर्ष फायर करने पर प्रतिबंध लगाये जाने की दृष्टि से जिला भिण्ड में धारा 144 जाफो के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिले में प्रायः यह देखा जा रहा है कि शादी इत्यादि समारोहों में लोगों द्वारा लायसेंसी शस्त्रों से हर्ष फायर किये जा रहे हैं भिण्ड जिले में विवाह समारोह के दौरान किये गये हर्ष फायर के फलस्वरुप अनेकों घटनायें पूर्व में घटित हो चुकी हैं। इन घटनाओं के फलस्वरूप व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हुए थे तथा अनेकों व्यक्तियों की मृत्यु भी हुई है। वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन का समय चल रहा है। भिण्ड जिले में बन्दूक लेकर शादी/ बारात में शामिल होना तथा वहां पर हर्ष फायर करने का प्रचलन देखा गया है। चूंकि भिण्ड जिलें में लायसेंसी हथियारों की संख्या बहुत है। उक्त संबंध में मेरे संज्ञान में भी यह आया है कि जिले के अधिकांश आर्म्स लायसेंसी विवाह व अन्य सामाजिक समारोह आदि में अपने लायसेंसी शस्त्र साथ लेकर चलते हैं तथा उनका प्रदर्शन भी करते हैं। इन हर्ष फायरों से लोक परशांति भंग होती तथा अन्य व्यक्तियों को भय एवं असुरक्षा महसूस होती है तथा विवाह एवं अन्य सामाजिक समारोह आदि में कोई अप्रिय घटना होने का अन्देशा बना रहता है।

ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये भिण्ड जिले की राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत विवाह एवं अन्य सामाजिक समारोहों आदि में शस्त्र लेकर चलने, उनके प्रदर्शन तथा हर्ष फायर करने पर पूर्णतः प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की गई है। उपरोक्त परिस्थितियों के निवाणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया है। ऐसी स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों या संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः सूचना



देकर सुना जाना संभव नहीं है यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 ( 1 ) के प्रावधानों के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है। जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत् भिण्ड जिले की समस्त सीमाओं के अन्तर्गत आदेश जारी किया है कि विवाह एवं अन्य सामाजिक समारोहों आदि में किसी भी व्यक्ति, समूह या संगठन को शस्त्र लेकर चलने, भाग लेने उनके प्रदर्शन एवं हर्ष फायर करने को पूर्णतः प्रतिबन्धित किया जाता है। सभी मैरिज गार्डन /वाटिकाओं /बैंक्वेट हॉल /होटल /धर्मशाला इत्यादि के संचालक या प्रबंधक अपने परिसर में न तो इस प्रकार से शस्त्रों को लेकर चलने वाले व्यक्तियों को प्रवेश करने देंगे और न ही उनके प्रदर्शन एवं हर्ष फायर की अनुमति देंगे और न ही ऐसी गतिविधि को अपने परिसर में होने देंगे। सभी मैरिज गार्डन /वाटिकाओं /बैंक्वेट हॉल /होटल/ धर्मशाला इत्यादि के संचालक या प्रबंधक अपने परिसर संबंधित से इस बावत अन्डरटेकिंग लिये बिना कि वह अपने वैवाहिक /सामाजिक समारोह में किसी भी प्रकार के शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं करेगा, हर्ष फायर नहीं करेगा या इन सब गतिविधियों को नहीं होने देगा, अपना परिसर किसी भी व्यक्ति या संगठन को किसी भी प्रयोजन हेतु किराये पर नहीं देगा और यदि उसे अपने परिसर में ऐसे प्रर्दशन या गतिविधि की कोई सूचना मिले तो तत्काल संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को एस.डी.एम. /एस.डी.ओ. (पी) को सूचित करेगा। सूचित न करने पर संबंधित व्यक्ति /प्रबंधक /संचालक /प्रतिष्ठान इत्यादि के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# एक नजर...

## यूक्रेन में लोगों का रहना दूभर, घरों में बिजली नहीं

**कीव।** युद्धग्रस्त यूक्रेन में लगभग 6 मिलियन यानि 60 लाख घरों में बिजली नहीं है. रूसी हमले महत्वपूर्ण बिजली बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर रहे हैं. यह जानकारी युक्रेन के राष्टपति वलेडिमिर जेलेंस्की ने दी है. उन्होंने बुधवार शाम राष्ट के नाम अपने रात्रिकालीन संबोधन में यह टिप्पणी की. राष्टपति ने कहा, ऊर्जा कर्मचारी और उपयोगिता कार्यकर्ता, हमारी सभी सेवाएं सिस्टम को स्थिर करने और लोगों को लंबे समय तक अधिक ऊर्जा देने के लिए सब कुछ कर रहे हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि लोग समझें कि कब और कितने समय तक वे बिना बिजली के रहेंगे. कीव के अलावा, कुछ अन्य प्रभावित क्षेत्रों में विनित्सिया, लविव, ओडेसा, खमेलनित्सकी और चकार्सी हैं. जेलेंस्की ने कहा, लोगों को जानने का अधिकार है. और जहां तक संभव है जीवन स्थिर करने की जरूरत है. लोग देखते हैं कि पड़ोस के घरों में या आस-पास की सड़कों पर, किसी कारण से, बिजली को लेकर नियम अलग हैं. और वहां न्याय और स्पष्टता होनी चाहिए. राष्टपति ने यह भी घोषणा की कि उन्होंने बुधवार को ऊर्जा और संचार के मुद्दों पर एक बैठक की. उन्होंने आगे कहा, हम अपने सिस्टम की रक्षा के लिए पहले से ही किए गए परिणामों को रिकॉर्ड करते हैं. हम नए समाधान तैयार कर रहे हैं. हम रूस के लिए यूक्रेन के आंतरिक जीवन में हेरफेर करने के किसी भी अवसर को रोकने के लिए नए समाधान भी तैयार कर रहे हैं. हम नियत समय में विवरण प्रदान करेंगे. 23 नवंबर को बड़े पैमाने पर रूसी मिसाइल हमले के चलते सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और अधिकांश तापीय और पनबिजली संयंत्रों में अस्थायी बिजली कटौती हुई, जबकि बिजली संचरण सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा.व्यापक बिजली आउटेज के कारण घरों में पानी और गर्मी की आपूर्ति भी बाधित हुई. जारी रूसी हमलों ने यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली का लगभग आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया है और सर्दियों के लिए तापमान में गिरावट के कारण लाखों लोग बिना बिजली के हैं.

## ईरान को फ्रांस के संसद की टिप्पणी मंजूर नहीं, फ्रांसीसी दूत को बुलाया



**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने फ्रांस की नेशनल असेंबली में विदेश मंत्री की अस्वीकार्य टिप्पणी को लेकर तेहरान में फ्रांस के राजदूत निकोलस रोशे को तलब किया. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक में ईरानी पक्ष ने फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के आधारहीन आरोपों का कड़ा विरोध किया और कुछ यूरोपीय देशों के मानवाधिकारों के लिए उनके दोयम दर्जे के दृष्टिकोण की आलोचना की. ईरानी विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि उन देशों के पास एकतरफा और जबरदस्ती के तरीकों, जो अन्य देशों की संप्रभुता का भी उल्लंघन करते हैं को देखते हुए मानवाधिकारों का दावा करने के लिए वैधता और पात्रता नहीं है. कॉलोना ने सोमवार को फ्रांसीसी विधायी निकाय के एक सत्र को संबोधित किया, जिसके दौरान उन्होंने कहा कि ईरान में मौजूदा स्थिति को लेकर जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई की जरूरतहै, यह कहते हुए कि यूरोपीय संघ इस्लामी गणतंत्र पर नए प्रतिबंध लगाने के लिए काम कर रहा है. साथ ही सत्र में, फ्रांसीसी सांसदों ने ईरान में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद देश में विरोध प्रदर्शनों के प्रति वहां की सरकार की प्रतिक्रिया की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया. पुलिस थाने में बेहोश होने के कुछ दिनों बाद 16 सितंबर को तेहरान के एक अस्पताल में अमिनी की मौत हो गई थी. अमिनी की मौत के बाद से ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया. तेहरान ने ईरान में दंगे भड़काने और आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए अमेरिका और कुछ अन्य देशों को दोषी ठहराया है.

## दूल्हे ने दुल्हन को किया किस, तो दुल्हन ने किया शादी से इनकार



**संभल (उप्र)।** शादी समारोह के दौरान दुल्हे ने अपनी दुल्हन को किस किया तो दुल्हन ने शादी से ही इनकार कर दिया. करीब 300 मेहमानों के सामने मंच पर दुल्हे के किस करने से नाराज दुल्हन ने शादी तोड़ दी. मंगलवार की रात वरमाला के आदान-प्रदान के ठीक बाद दूल्हे ने उसे दुल्हन को किस कर लिया. इससे नाराज दुल्हन तुरंत मंच से चली गई और बाद में पुलिस को फोन किया. 23 वर्षीय स्नातक दुल्हन ने कहा कि दूल्हे ने अपने दोस्तों के साथ शर्त जीतने के लिए उसे किस किया और अब वह अपने चरित्र के बारे में संदिग्ध है. दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया जहां दुल्हन ने आरोप लगाया कि दूल्हे ने उसे गलत तरीके से छुआ लेकिन शुरुआत में उसने इसे नजरअंदाज कर दिया. उसने आरोप लगाया, जब उसने मुझे किस किया, तो मैंने अपमानित महसूस किया. उसने मेरे स्वाभिमान की परवाह नहीं की और कई मेहमानों के सामने दुर्व्यवहार किया. पुलिस ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन दुल्हन ने मना कर दिया जिसके बाद शादी टूट गई और मेहमान घर लौट आए. दुल्हन की मां ने कहा, दूल्हे को उसके दोस्तों ने उकसाया था. हमने अपनी बेटी को मनाने की कोशिश की लेकिन उसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया. पुलिस ने कहा कि, तकनीकी रूप से जोड़े की शादी हो चुकी है क्योंकि घटना के समय तक रस्में पूरी हो चुकी थीं. हम कुछ दिनों के इंतजार के बाद तय करेंगे कि हालात शांत हो. इसके पहले शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में दुल्हनों ने अपनी शादियां रद्द कर दी थीं क्योंकि दूल्हे ने नागिन डांस किया था.

## एसटीएफ ने 155 कछुओं के साथ एक को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक बिहार निवासी को अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी रैकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 155 कछुए बरामद किए हैं. एसटीएफ के मुताबिक गोपालगंज निवासी नीरज दीक्षित को लखीमपुर खीरी के निघासन-डकरावा रोड से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह कछुओं को रैकेट से जुड़े एक अन्य व्यक्ति को सौंपने जा रहा था. दीक्षित गिरोह के वाहक के रूप में काम करता था और वन्यजीवों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाता था. हिरासत में लिए जाने के बाद अधिकारी उससे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रहे हैं. एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश से हर साल करीब 20,000 कछुओं की तस्करी की जाती है. जीवों के अंधाधुंध शिकार और तस्करी ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो को अलर्ट जारी करने के लिए प्रेरित किया है. अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई गिरोहों के सदस्य गंगा, यमुना, चंबल, घाघरा, शारदा, केन, बेतवा और राप्ती नदी के आसपास कछुओं की तलाश में धूमते हैं.

# चीन ने 10 साल पहले ही हासिल कर लिया न्यूक्लियर वेपन्स का टारगेट!

### चीन तेजी से कर रहा सैन्य विस्तार, परमाणु हथियारों की तैनाती में ला रहा तेजी, रूस-अमेरिका के बाद तीसरे नंबर पर चीन

**नई दिल्ली।** चीन अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को तेजी से बढ़ा रहा है. साल 2020 तक चीन के पास जहां महज 200 परमाणु हथियार थे, उसने आगे के दो सालों में ही इनके आंकड़े को दोगुने तक पहुंचा दिया है. अमेरिकी रक्षा विभाग की तरफ से जारी रिपोर्ट्स में इन बातों का खुलासा हुआ है. पेंटागन की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अपने परमाणु कार्यक्रम में काफी तेजी ला चुका है. पेंटागन का कहना है कि हमने ये उम्मीद की थी कि चीन साल 2030 तक परमाणु हथियारों की संख्या को 400 तक कर सकता है, लेकिन चीन ने महज 2 सालों में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया है और साल 2035 तक उसके पास करीब 1500 परमाणु हथियार हो सकते हैं, जोकि काफी चिंता की बात है.

पेंटागन की नई रिपोर्ट का नाम चाइना मिलिट्री पॉवर रिपोर्ट-2022 है. ये रिपोर्ट सबसे नई है. एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2020 में अमेरिकी योजनाकारों का अनुमान था कि चीन अपने परमाणु को हथियारों को बढ़ाएगा, जो साल 2030 तक करीब 400 परमाणु हथियारों से लैस होगा. लेकिन चीन ने ये लक्ष्य महज 2 साल में ही हासिल कर लिया है. यही नहीं, चीन ने इन परमाणु हथियारों की तैनाती भी उन जगहों या ठिकानों पर की है, जिसकी रेंज में संयुक्त राज्य अमेरिका भी आता है. चीनी सैन्य विभाग ने ऐसा अपने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के उस आदेश के बाद किया है, जिसमें उन्होंने चीनी सैन्य बलों को हर तरह की लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा था. इस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2030 तक चीन के पास करीब 1000 परमाणु हथियार पूरी तरह से तैयार होंगे. तो साल 2035 तक ये संख्या 1500 तक पहुंच जाएगी.



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों की मानें तो आधिकारिक तौर पर अभी चीन ने 200 परमाणु हथियारों की उपस्थिति ही स्वीकारी है. उसके आंकड़े हमेशा तभी बाहर आते हैं, जब वो खुद चाहता है. अभी भी चीन दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत परमाणु हथियार रखने वाला देश है. रूस और अमेरिका इस मामले में नंबर वन बने हुए हैं. लेकिन अमेरिका लगातार अपने परमाणु हथियारों को कम कर रहा है. इसके बावजूद अभी उसके पास 3708 परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है. वहीं, रूस के पास 4477 परमाणु हथियार हैं, जो अब फिर से बढ़ने लगे हैं. इस रिपोर्ट में चीन के तेज सैन्य विस्तार पर भी नजर डाली गई है. चीन आज दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना वाला देश है. भले ही वो अमेरिका से जहाजों, पनडुब्बियों के मामले में अभी पीछे हो, लेकिन वो हथियारों, विमानों, पोतों का उत्पादन अपने ही देश में कर रहा है, वो भी असीमित स्तर पर. यही नहीं, हवाई जहाजोंके मामले में भी वो रूसी इंजनों पर से अपनी निर्भरता लगभग खत्म करने की ओर है.

## रामपुर में बिना नाम लिए आजम खान पर सीएम योगी का निशाना




**रामपुर।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर विधानसभा सीट व मुरादाबाद की खतौली विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव वाले हैं. इससे पहले आज योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया. सीएम योगी रामपुर के अजीतपुर में उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी आकाश सक्सेना के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे हैं. इस दौरान उन्होंने पिछली सरकारों पर जमकर निशाना साधा. सीएम योगी ने कहा, अब नौकरी निकलने पर वसूली नहीं होती. आज युवाओं के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता. अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है तो उसकी जगह जेल में होती है. रामपुर के कुछ अवसरवादी चेहरों ने अपने स्वार्थ के लिए यहां की असली पहचान को छीना था. आज रामपुर के उत्पाद वैश्विक स्तर पर पहचाने जा रहे. सीएम योगी ने बिना नाम लिए आजम खान पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी के एक नेता लगातार आपके बीच आकर कह रहे हैं कि उनके साथ अन्याय हुआ है. लेकिन इससे ज्यादा गुमराह करने वाला दूसरा व्यक्ति और कोई नहीं हो सकता. व्यक्ति के कारनामे उनको उसके कर्मों की सजा देते हैं. उनके मामले कोर्ट में हैं. उसमें सरकार और पार्टी को दोष देने का कोई मतलब नहीं होता. मुझे तो बोलना है उनसे कि वे अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें. यदि उन्होंने अपने कार्यकाल में ईमानदारी दिखाई होती तो उन्हें हमेशा याद किया जाता.

### महिलाओं पर विवादित टिप्पणी ने बढ़ाई सपा नेता आजम खान की मुश्किलें, रामपुर में केस दर्ज

रामपुर उपचुनाव ने आजम खान एक विवादित टिप्पणी की थी. जिसमें कहा था कि बच्चा मां के पेट से पैदा होने से पहले पूछता है कि पूछ लो आजम खान से कि बाहर निकलना है कि नहीं. अब उनकी इस टिप्पणी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है. इसकी जानकारी रामपुर डीएसपी अनुज कुमार चौधरी ने दी है. रामपुर के डीएसपी अनुज कुमार चौधरी ने इस संबध में जानकारी देते हुए कहा, ÷29 नवंबर को चुनावी सभा में सपा नेता के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खान द्वारा की गई एक टिप्पणी पर महिलाओं में आक्रोश था. शहनाज नाम की एक महिला ने थाने में तहरीर दी है. मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है.रामपुर डीएसपी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने कहा कि आजम खान ने कहा, मैं पिछली 4 सरकारों में मंत्री था और अगर मैं पावर का उपयोग करता तो अजन्मे बच्चे अपनी मां से पूछते कि मां आजम खान से पूछो कि जन्म लेना है की नहीं.आगे की जांच जारी है. आजम खान पर 294-क्र्र 354र्, 504, 153र् समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है. आजम खान ने अपनी इस टिप्पणी में कहा था, जो आज हमारे और तुम्हारे साथ हुआ है.

## प्रेमिका को घुमाने के बहाने ओडिशा ले गया प्रेमी



दिल्ली के बहुचर्चित श्रद्धा मर्डर केस की गूंज अभी शांत भी नहीं पड़ी थी कि देश में एक और दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है. छत्तीसगढ़ में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की न केवल गोली मारकर हत्या कर दी, बल्कि वारदात के सबूत छिपाने के लिए शव को जला दिया. यहां चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी अपनी प्रेमिका को पहले छत्तीसगढ़ से ओडिशा ले गया और वहां जाकर इस खौफनाक घटना को अंजाम दिया. फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

**क्या है मामला**-दरअसल, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के निवासी 21 वर्षीय तनु कुर्रे रायपुर में रहकर एक निजी बैंक में नौकरी करती थी. तनु यहां से 21 नवंबर को अपने एक फ्रेंड के सचिन अग्रवाल के साथ बालंगीर के लिए निकली थी. लेकिन इस बीच उसका कुछ अता-पता नहीं चल पाया. यहां तक कि जब उसके परिजनों ने तनु से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका फोन भी बंद आ रहा था. तनु के घरवालों का आरोप है कि ओडिशा पहुंचने के बाद सचिन उसकी परिजनों से बात नहीं होने दे रहा था. वहीं, तनु की हत्या के बाद सचिन तनु बनकर परिजनों से चैटिंग भी कर रहा था. तनु के घरवालों को शक होने पर उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत की. जिसके बाद रायपुर पुलिस ने जांच के दौरान ओडिशा से तनु के शव को बरामद कर लिया.

**गैर से संबंधों के शक ने कराया मर्डर**-पुलिस को जब सचिन पर शक हुआ तो उसने अपनी लोकेशन बदलना शुरू कर दिया. हालांकि पुलिस ने उसका फोन ट्रेस करके उसको गिरफ्तार कर लिया. पुलिस पूछताछ में सचिन ने तनु की हत्या की बाद कबूल की है. उसके बताया कि उसको तनु के किसी और के साथ संबंध होने का शक था.

# मैनपुरी में अखिलेश-शिवपाल यादव पर केशव मौर्य का हमला, कहा- जांच में दोषी मिले तो जाएंगे जेल

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इटावा की जसवंत नगर विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला. केशव मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव तो अपनी जमीन खो ही चुके हैं, वहीं चाचा शिवपाल जो खुद को जसवंत नगर व इटावा का मिनी मुख्यमंत्री बताते थे आज सुरक्षा कम होने पर बिलबिला रहे हैं. केशव मौर्य ने बातों ही बातों में गोमती रिवर फ्रंट मामले में दोषी पाए जाने के बाद उन्हें जेल भेजने तक की बात कह डाली.

**अखिलेश-शिवपाल यादव पर हमला**-डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जसवंतनगर विधानसभा के ताखा ब्लॉक में मैनपुरी से बीजेपी प्रत्याशी रघुराज शाक्य के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे. इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए वो सपा परिवार पर जमकर बरसे. केशव मौर्य ने गोमती रिवर फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि अभी तो जांच चल रही है. हो सकता है जांच में दोषी पाए जाने पर चाचा-भतीजे की जिंदगी जेल में ही बीते. उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि एक-एक भ्रष्टाचार की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा. केशव मौर्य ने कहा कि नेता जी के निधन से हम लोग भी दुखी थे. हमारे प्रधानमंत्री, हमारे मुख्यमंत्री और हम लोग नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने आए थे लेकिन हमारे पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जी का भी निधन हुआ था, यह लोग क्या उनके लिए श्रद्धांजलि भी अर्पित नहीं कर सकते थे. उन्होंने कहा कि इनके संस्कार कैसे हैं आप सब ने देखा, जब विधानसभा में सदन की कार्रवाई चल रही थी तब सभी लोगों ने अखिलेश यादव के संस्कार देखें और अब उनके चुनावी चाचा का भी अहंकार बोलने लगा है. रघुराज शाक्य के लिए कल जो बोला है मैं उनको गाली का जवाब गाली से नहीं देना चाहता. आप सब 5 तारीख को कमल का बटन दबा कर उनको जवाब देने का काम करेंगे.




**परिवारवाद को लेकर साधा निशाना**-डिप्टी सीएम ने कहा कि जसवंत नगर विधानसभा, मैनपुरी लोकसभा को सपा परिवार ने बंधक बनाकर रखा हुआ था. समाजवाद का मतलब परिवारवाद नहीं होता है. समाजवाद का मतलब होता है सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान होता है. ये अगर बूथ कब्जा न करें तो ये चुनाव नहीं जीत सकते. हम दावे से कहते हैं कि यहां पर 65प्रतिशत वोट हमारा है और बाकी 35त्न में भी बंटवारा है और बंटवारे में भी वोट हमारा है. उन्होंने कहा कि वो कभी नहीं चाहेंगे कि पिछड़ी जाति एवं अनुसूचित जाति से ऐसे लोग आगे आए जो सैफई परिवार को टक्कर दे सके.

**गेस्ट हाउस कांड का जिक्र किया**-केशव मौर्य ने यहां मायावती के बहुचर्चित गेस्ट हाउस कांड का भी जिक्र किया और कहा कि इन्हीं लोगों ने मायावती जी की इज्जत को तार-तार करने की कोशिश की थी. सैफई से ही सपा शुरू हुई थी और सैफई से ही समाजवादी पार्टी को समाप्त वादी पार्टी बनाने का काम करना है. इनको लगता था कि पूरा उत्तर प्रदेश इनकी जागीर है. हत्या, लूट, अपहरण इनका पूरा का पूरा इतिहास काला है. उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर तक हमें कुछ नहीं बोलना है लेकिन 8 दिसंबर के बाद किसी भी अपराधी, किसी भ्रष्टाचारी को छोड़ेंगे भी नहीं. रामगोपाल यादव द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत पर प्रतिक्रिया देते हुए केशव मौर्य ने कहा कि कल इनके एक और चाचा प्रो. रामगोपाल यादव चुनाव आयोग गए थे, कह रहे थे कि यहां पुलिस वाले सपा के गुंडों को बहुत परेशान कर रहे हैं. ये तो वही कहेंगे जो इनका इतिहास रहा है. हम तो बस निष्पक्ष चुनाव कराना चाहते हैं. आप लोग चुनाव के बाद डिंपल यादव, अखिलेश यादव या उनके चुनावी चाचा शिवपाल सिंह यादव से नहीं मिल सकते और पता नहीं ये अब जेल चले जाएं तो उनसे मिलने जेल जाना पड़ेगा.

**पेंडुलम वाले बयान पर किया पलटवार**-केशव मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिवपाल जी पेंडुलम की तरह हो गए है उस पर अखिलेश यादव ज्ञान देने लगे कि योगी जी ने फिजिक्स नहीं पड़ा है ऐसा लगता है मानो अखिलेश यादव फिजिक्स के प्रोफेसर रहे हो. मुख्यमंत्री जी ने वही कहा जो इन्होंने किया है.

## यहां बद से बदतर है लड़कियों का जीवन, गुलाम बनाकर किया जाता है यौन शोषण

**नई दिल्ली।** नॉर्थ कोरिया को लेकर बीच-बीच में कुछ-न-कुछ ऐसी चीजें सामने आती रहती हैं, जिससे मानवाधिकारी के उल्लंघन की पोल खुल जाती है. हाल ही में नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपनी 9 साल की बेटी के साथ नजर आए थे, लेकिन उनके शासनकाल में दूसरी बेटियों के साथ यौन शोषण की घटना आम बात है. वहां स्कूल की लड़कियों का उठाकर प्लेजर ग्रुप में डाल दिया जाता है. इन लड़कियां का मुख्य कार्य किम जोंग उन और उनके अफसरों का मनोरंजन करना रहता है. साथ ही अधिकारी इन लड़कियों के साथ शारीरिक संबंध भी बनाते हैं. हालांकि, इन लड़कियों की अपनी कोई जिंदगी नहीं होती है और चाहकर भी ये अपनी जिंदगी में लौट भी सकती हैं, क्योंकि इससे अधिकारियों की सीक्रेट सूचना लीक होने का डर रहता है.

नॉर्थ कोरिया में उच्चाधिकारियों के लिए नाबालिग लड़कियों का एक ग्रुप बनाया जाता है, जिसे सेक्स पार्टी भी कहते हैं. नार्थ कोरियन भाषा में स्कूल की नाबालिग लड़कियों के ग्रुप को किप्पोमजे कहते हैं. इस ग्रुप में शामिल करीब 2 हजार लड़कियों को एकदम अलग रखा जाता है. इनकी उम्र 13 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक होती हैं. इन लड़कियों को विशेष रूप से ट्रेनिंग भी दी जाती हैं, ताकि ये हर बात में हां बोले. किम जोंग उन इस ग्रुप को प्लेजर स्क्वाड कहता है. इन लड़कियों को अलग-अलग काम भी दिया जाता है. इन आकर्षक और सुंदर लड़कियों को प्लेजर गर्ल कहा जाता है. नॉर्थ कोरिया की सेना के अधिकारी और सरकार अधिकारी इन लड़कियों का सिलेक्शन करते हैं. चयनित लड़कियों का वर्जिनिटी टेस्ट होता है. साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि लड़की शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ हो. उनके बाद इन लड़कियों का शोषण होता है. इन लड़कियों को तीन ग्रुप में विभाजित किया जाता है. पहले ग्रुप में लड़कियां अधिकारियों की यौन इच्छा की पूर्ति करती हैं. दूसरे ग्रुप में मसाज और तीसरे ग्रुप में सेमी न्यूज डांस करने वाली लड़कियां होती हैं. एक आयु के बाद इन लड़कियों को दूसरे विभाग जैसे खाना बनाने या फिर अन्य काम में डाल दिया जाता है. कहा जाता है कि किम जोंग उन के दादा ने इस परंपरा की शुरुआत की थी.





# सोनम कपूर का दिखा नया अवतार

सोनम कपूर एक जानी मानी अदाकारा हैं, उन्होंने कुछ समय से भले ही बॉलीवुड से दूरी बना ली है, लेकिन वो अक्सर कहीं ना कहीं अपने फैंस को नजर आ ही जाती हैं. एक बार फिर से यही हुआ है. हाल ही में अदाकारा एयरपोर्ट में स्पॉट हुई हैं. उन्हें देखकर उनके फैंस खुशी से झूम उठे. दरअसल, अदाकारा का एयरपोर्ट लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि सोनम ने स्किन कलर की ड्रेस पहन रखी है, जिसके साथ उन्होंने लॉन्ग ऑफ व्हाइट ब्लेजर वियर किया है. सोनम का लुक हमेशा दूसरों से हटकर और अलग होता है. ऐसा ही हाल ही में हुआ है. उनके लुक ने हर किसी को मोह लिया है. जानकारी के लिए बता दें कि सोनम ने अगस्त में एक बच्चे को जन्म दिया था, यही कारण है कि वो फिल्मों में कम नजर नहीं आ रही हैं. इस बीच, वो अपने बेटे वायु के लिए एक बिंदास मॉम बनने का फर्ज निभा रही हैं. हालांकि पिछले हफ्ते, अभिनेत्री को अपने पति आनंद आहूजा के स्टोर के लॉन्च में दिल्ली जाते समय एक खूबसूरत अवतार में देखा गया था. आपको बता दें कि डिलीवरी के कुछ ही समय बाद, सोनम वापस शेप में आ गई हैं और काफी फिट दिख रही हैं. इसके अलावा अभिनेत्री अपने गर्भावस्था के अनुभवों के बारे में भी बोलती रही है और नए मॉम मीम्स साझा करती रही है. वर्क फ्रंट की बात करें तो, अभिनेत्री ने गर्भवती होने से पहले अपनी फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग पूरी कर ली थी. फिल्म में पूरब कोहली, विनय पाठक और लिलेट दुबे भी हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, मेकर्स फिल्म की ओटीटी रिलीज की प्लानिंग कर रहे हैं.

# पैर फिसलने से जुबिन को लगी चोट, अस्पताल में हैं एडमिट



पॉपुलर सिंगर और लगभग हर भारतीय दिल की धड़कन जुबिन नौटियाल का गुरुवार यानी 1 दिसंबर को एक्सीडेंट हो गया था. बता दें कि, हादसे में जुबिन काफी घायल हो गए हैं और उन्होंने अपनी कोहनी तोड़ ली है. सिंगर का एक्सीडेंट एक इमारत की सीढ़ी से नीचे गिरने की वजह से हुआ है, जिसकी वजह से उनके सिर में भी चोट लग गई है. बता दें कि सिंगर को हादसे के बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पर अब उनका इलाज चल रहा है. एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना के बाद जुबिन नौटियाल अपने दाहिने हाथ के इलाज के लिए ऑपरेशन करवाने वाले हैं. डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी है कि वह अपने दाहिने हाथ का इस्तेमाल न करें. सिंगर के एक्सीडेंट की खबर सुनके उनके सभी फैंस और करीबी उनके जल्द ही ठीक होने की विश कर रहे हैं. जुबिन नौटियाल के वर्क फ्रंट की बात करें तो, उन्होंने 2014 में रिलीज हुई फिल्म सोनाली केबल के गीत एक मुलाकात के साथ इंडियन म्यूसिक इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने उसी साल फिल्म द शौकीन्स के लिए मेहरबानी सॉन्ग भी गाया था. गायक जुबिन बॉलीवुड को रतन लम्बियां, लुट गए, हमनवा मेरे, तुझे कितने चाहने लागे हम, तुम ही आना, बेवफा तेरा मासूम चेहरा जैसे कई सारे खूबसूरत गाने दे चुके हैं.



# बड़े भाई दलेर मेहंदी के बाद अब मीका सिंह पर भी गिरी गाज, सील हुई प्रॉपर्टी



सिंगर अमरीक सिंह उर्फ मीका सिंह के हर तरफ चाहने वाले हैं. मीका ने बालीवुड फिल्म इंडस्ट्री को कई सारे पॉपुलर गाने दिए हैं. ऐसा कभी नहीं होता की किसी पार्टी में मीका का सॉन्ग बजाया ना जाए. लेकिन, सबके चहेते मीका अब एक मुसीबत में फस गए हैं. बता दें कि, बडे भाई दिलेर मेहंदी के गुरुग्राम में फार्म हाउस सील होने के बाद, अब मीका सिंह का भी दमदमा लेक के किनारे बने हुए फार्म हाउस को सील कर दिया गया है. फार्महाउस एक ऐसी जगह स्थित था जहां पर सिर्फ नाव से सफर करके पहुंचा जा सकता था. दरअसल, एएनआई से मिली जानकारी के मुताबिक, अरावली क्षेत्र में दमदमा झील के पास रोजका गूजर गांव में बने 3 फार्म हाउस को ग्रीन लॉ विओलेशन की वजह से सील कर दिया गया है. जहां पता चला है कि इनमें से एक फार्महाउस सिंगर मीका सिंह का भी है. बता दें कि, झील के किनारे मीका का ये फार्म हाउस गैर कानूनी तरीके से बनाया गया है. जिसके खिलाफ अब वहां के अफसरों ने एक्शन लेने का सोचा है. इसके अलावा, हाल ही में ही मीका ने अपने शो मीका दि वोटी को लेकर काफी सुर्खियां बटोरी थी. मीका दि वोटी एक रियलिटी शो था, जिसमें मीका ने देश भर से आई हुई बहुत सारी लडकियों में से अपने लिए एक हमसफर चुनी थी. मीका दी वोटी कि विनर का नाम आकांक्षा पुरी है. मीका के पॉपुलर गानों की बात करें तो, उन्होंने बॉलीवुड को सुभा होने ना दे, लैला, हीर तो बडी सैड है और आंख मारे जैसे कई सारे गाने दिए हैं.

# क्या शो से बाहर हो सकती हैं सुम्बुल तौकीर

बिग बॉस 16 में रोजाना नए नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं. बिग बॉस के घर में रहना हर किसी के लिए एक बहुत बड़ी परीक्षा है. लेकिन पिछले कुछ समय से सुम्बुल शालीन की तकरार ज्यादा चर्चा में थी. वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कयास लगा जा रहे हैं कि सुम्बुल तौकीर जिन्हें शालिन भनोट ने शो में नॉमिनेट किया था वो इस हफ्ते बाहर हो सकती हैं क्योंकि इसमें उनका कोई योगदान नहीं है. इस शो में सुम्बुल बहुत कुछ सहा और केवल फहमान खान की एंट्री ने 19 साल की लड़की के लिए थोड़ी रोशनी ला दी थी. बता दें कई लोगों ने ये तक दावा किया था कि वह शो में बहुत जल्दी चली गईं और उन्हें यह कदम नहीं उठाना चाहिए था. सुम्बुल घर में सबसे कमजोर प्रतियोगी के रूप में सामने आई थी. लेकिन उसके दोस्त फहमान का मानना है कि वह सभी में सबसे मजबूत है और जिस दिन वह वापस लड़ना शुरू कर देगी वह शो जीत भी सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसा नहीं हो रहा है, जैसा कि सोशल मीडिया पर नए रिपोर्टों से पता चलता है कि इस सप्ताह सुम्बुल का सफाया हो जाएगा. रैंकिंग टास्क में इमली फेम को घर की नई कप्तान निमृत कौर अहलूवालिया ने 10वें नंबर पर रखा था और सुम्बुल ने इसके लिए एक बार भी लड़ाई नहीं की और इससे पता चलता है कि वह शो का हिस्सा बनने में दिलचस्पी खो चुकी हैं.और इसके विपरीत, साजिद खान के निकाले जाने की खबरें थीं क्योंकि वह भी नामांकित हैं, निर्माताओं ने उन्हें वापस रखने का फैसला किया क्योंकि वह सुम्बुल की तुलना में उन्हें अधिक कंटेट दे रहे हैं और शो में उनका स्क्रीन समय भी बढ़ गया है. कई लोगों ने मान लिया था कि साजिद शो में अपने व्यवहार और भाषा और मीटू आरोपी होने के कारण शो से बाहर हो जाएंगे. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कयास सच साबित होते हैं या नहीं



# फिल्म की रिलीज से पहले ही थक गई काजोल

बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस काजोल के पूरे देश भर में दिवानें हैं. चाहे दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे की सिमरन हो या, कुछ कुछ होता है कि अंजली एक्ट्रेस ने अपने हर किरदार को बखूबी निभाया है. लेकिन एक फिल्म स्टार के ऊपर कितनी जिम्मेदारियां होती हैं, क्या आप जानते हैं। हाल ही में ही एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया है कि एक फिल्म के प्रमोशन के लिए फिल्म स्टार को कतनी महनत करनी पड़ती है. साथ ही एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि हर हीरो या हिरोइन के ऊपर कुछ बनने की जिम्मेदारी होती है और वे इसे बहुत गंभीरता से लेते हैं. दरअसल, हाल ही में काजोल की मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने एक एक्टर के मन की बात बताई. काजोल ने पहले और अब के जमाने के फिल्म प्रमोशन्स के बारे में बताया. एक्ट्रेस ने कहा पहले हम दो इंटरव्यू, दो फोटो सेशन करके खत्म कर देते थे, वही पे बात खत्म हो जाती थी,और एक प्रीमियर होता था काजोल ने आगे कहा, मेरा मानना है कि स्टार्स के पास वास्तव में कुछ होने, नायक होने की जिम्मेदारी होती है और वे उस जिम्मेदारी को बहुत गंभीरता से लेते हैं, ऐसा लगता है जैसे पूरे उद्योग का भाग्य उनके ऊपर टिका है. तो हां, जबकि मेरे पास चुनने की फ्रीडम है, मुझे बढ़ने और कुछ और बनने की फ्रीडम है. एक्ट्रेस के वर्क फ्रंट की बात करें तो, काजोल की फिल्म सलाम वेंकी जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. यह फिल्म एक मां की कहानी पर आधारित है जो अपने बेटे के सामने आने वाली हर चुनौती से लड़ती है और उसे पूरी जिंदगी जीने में मदद करती है. फिल्म में विशाल जेठवा काजोल के बेटे वेंकटेश उर्फ वेंकी का किरदार निभाएंगे.

# महाविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

**गरियाबंद–** शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया,तीन दिवसीय इस खेल उत्सव में लंबी कूद,भाला फेंक,गोला फेक,100 मीटर दौड़,200 मीटर दौड़,क्रिकेट,कबड्डी, बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया हैवार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रमुख डॉ सी. एल. देवांगन, मुख्य अतिथि गिरीश राजानी जी व विशिष्ट अतिथि रामकुमार साहू जी द्वारा सरस्वती माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गयाविद्यार्थियों को संस्था प्रमुख डॉ.सी.एल.देवांगन द्वारा खेल संबंधी शपथ दिलाई गई और कहा कि खेल हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है हमें इसे हमेशा और प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहित करना चाहिए खेलकूद हमारे शरीर को ही नहीं अपितु हमारे दिमाग को भी तरोताजा करता है इस संबंध में एक कहावत भी प्रचलित है स्वस्थ तन तो स्वस्थ मन।तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गिरीश राजानी ने कहा कि महाविद्यालय में खेल उत्सव के आयोजन से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है।



खेल विद्यार्थियों के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता है विशिष्ट अतिथि रामकुमार साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन होता है 7 यह शहरी क्षेत्र के ही नहीं अपितु ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जिसमें वह अपनी प्रतिभा दिखाते हैं और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैंमहाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर एम.एल.वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित इस खेल महोत्सव के आयोजन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है अतः मैं सभी विद्यार्थियों को यही कहना चाहूंगा कि आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में इन खेलों में शामिल होकर अपनी प्रतिभा को दिखाएं व अपना व्यक्तित्व का विकास करेंनैक प्रभारी डॉ. गोवर्धन यदु ने कहा कि खेलों के आयोजन से वास्तव में महाविद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार होता है इससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना मानसिक व शारीरिक विकास करते हैंक्रीड़ा प्रभारी आकाश बाघमारे ने सभी अतिथियों व महाविद्यालय के प्राध्यापकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीक्षा चंद्राकर के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रो.घनश्याम यदु,क्षमा शिल्पा चौहान,श्वेता खरे, राजेश बघेल,मुकेश कुर्रे, भानु प्रताप नायक,मनीषा भोई,देवेंद्र देवांगन,खोमन साहू,प्रदीप टंडन,शिल्पा मिश्रा,तुलसी देवांगन, चंद्रकला जोशी इत्यादि प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री बृजेंद्रप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में

# छत्रसाल महाविद्यालय में जन भागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने कार्यभार ग्रहण किया

## छत्रसाल महाविद्यालय में कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने मास्टर प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

पन्ना, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के अग्रणी महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। इसी आदेश के परिपेक्ष्य में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में जनभागीदारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने आज मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं शहर के गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एच. एस. शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडेय, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री जय प्रकाश चतुर्वेदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री बाबूलाल यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रविराज सिंह यादव, समाजसेवी श्री विष्णु पांडे, श्री विनोद तिवारी, श्री शिवराम गोस्वामी डॉ पुनीत खरे एवं अन्य समाजसेवी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त जनभागीदारी समिति के



अध्यक्ष श्री राजेश गौतम ने अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए महाविद्यालय के विकास की अपनी योजनाओं का जिक्र किया। कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने श्री राजेश गौतम को बधाइयां देते हुए महाविद्यालय के विकास की नई कार्य योजना तैयार करने का जिक्र किया। उन्होंने महाविद्यालय के विकास का नवीन मॉडल एवं मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश भी दिया एवं इस संबंध में शासन की ओर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. एच. एस. शर्मा ने महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन पढ़ते हुए विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं महाविद्यालय की क्रीडा संबंधी गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों, एनएसएस, एनसीसी की गतिविधियों व उपलब्धियों के साथ ही अकादमिक व शोध संबंधी उपलब्धियों का भी जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एस.एस. राठौर ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उषा मिश्रा, डॉ. उमा त्रिपाठी, डॉ. एस. पी. एस. परमार, डॉक्टर जे. के. वर्मा, डॉक्टर मनोरमा गुप्ता, डॉ विनय श्रीवास्तव, सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जनरल परेड दौरान पुलिस जवानों को उच्च कोटि के वेशभूषा धारण करने हेतु दिया गया निर्देश

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कामले द्वारा पुलिस जवानों का लगाए दरबार

### आगामी कानून व्यवस्था ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए बलवा ड्रिल का किया गया अभ्यास

**गरियाबंद।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के निर्देशन में आज शुक्रवार को गरियाबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कामले द्वारा पुलिस लाइन गरियाबंद में समस्त पुलिस जवानों का जनरल परेड लिए। एसएसपी ने कहा परेड का मुख्य उद्देश्य है पुलिस जवानों में अनुशासन की भावना पैदा करना। परेड के दौरान पुलिस जवानों को टर्नआउट उच्चकोटि का धारण करने के संबंध में विशेष निर्देश दिए साथ ही संबंधित जिन पुलिस जवानों का टर्नआउट सामान्य स्तर का पाए गए उन्हें चेतावनी दी गई । परेड के दौरान वाहन शाखा के वाहनों का भी निरीक्षण किया गया वाहनों के रखरखाव एवं मियाद के संबंध में विस्तृत जानकारी लिए। मी कानून व्यवस्था,लाइन आर्डर ड्यूटी को मध्य में रखते हुए समस्त पुलिस जवानों के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। परेड के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का दरबार लिए। दरबार में पुलिस जवानों द्वारा अपने-अपने समस्याओं को सामने रखें। समस्याओं का तत्काल समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही सभी पुलिस जवानों को आमजनों से मधुर संबंध रखने व बीट आरक्षकों को अपने-अपने बीट के ग्रामों में भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करने के निर्देश, साथ ही समय निकालकर व्यायाम करने व जहां निवासरत है, उसके आस-पास के स्थानों को साफ-सफाई रखने के विशेष निर्देश दिए।






थाना प्रभारियों को अपने थाने में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हाकित कर पुरस्कृत करने हेतु वरिष्ठ कार्यालय में पत्राचार करने व कैंपस व थाने के अंदर विशेष रूप से साफ-सफाई रखने की हिदायत दिए। परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेंद्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा सिन्हा, रक्षित निरीक्षक उमेश राय एवं 108 अन्य अधिकारी/ कर्मचारी परेड में सम्मिलित रहे। जवानों का लगाए दरबारआगामी कानून व्यवस्था ड्यूटी को ध्यान में रखते हुए बलवा **ड्रिल का किया गया अभ्यास-** गरियाबंद। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के निर्देशन में आज शुक्रवार को गरियाबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कामले द्वारा पुलिस लाइन गरियाबंद में समस्त पुलिस जवानों का जनरल परेड लिए। एसएसपी ने कहा परेड का मुख्य उद्देश्य है पुलिस जवानों में अनुशासन की भावना पैदा करना। परेड के दौरान पुलिस जवानों को टर्नआउट उच्चकोटि का धारण करने के संबंध में विशेष निर्देश दिए साथ ही संबंधित जिन पुलिस जवानों का टर्नआउट सामान्य स्तर का पाए गए उन्हें चेतावनी दी गई । परेड के दौरान वाहन शाखा के वाहनों का भी निरीक्षण किया गया वाहनों के रखरखाव एवं मियाद के संबंध में विस्तृत जानकारी लिए।

परेड के दौरान आगामी कानून व्यवस्था,लाइन आर्डर ड्यूटी को मध्य में रखते हुए समस्त पुलिस जवानों के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। परेड के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का दरबार लिए। दरबार में पुलिस जवानों द्वारा अपने-अपने समस्याओं को सामने रखें। समस्याओं का तत्काल समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही सभी पुलिस जवानों को आमजनों से मधुर संबंध रखने व बीट आरक्षकों को अपने-अपने बीट के ग्रामों में भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करने के निर्देश, साथ ही समय निकालकर व्यायाम करने व जहां निवासरत है, उसके आस-पास के स्थानों को साफ-सफाई रखने के विशेष निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को अपने थाने में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हाकित कर पुरस्कृत करने हेतु वरिष्ठ कार्यालय में पत्राचार करने व कैंपस व थाने के अंदर विशेष रूप से साफ-सफाई रखने की हिदायत दिए। परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेंद्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा सिन्हा, रक्षित निरीक्षक उमेश राय एवं 108 अन्य अधिकारी/ कर्मचारी परेड में सम्मिलित रहे।

# सुमावली विधायक अजब सिंह व उनकी पत्नी सहित तीन को दो-दो साल की सजा, यह है मामला

**ग्वालियर।** विशेष सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार जोशी ने मुरैना की सुमावली विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह, उनकी पत्नी शीला कुशवाह व कृष्ण गोपाल चौरसिया को दो-दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। तीनों को जमानत मिल गई है।दोषियों ने प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी की थी। एक प्लाट दो लोगों को बेच दिया था। तीनों के खिलाफ ग्वालियर के महाराजपुरा थाने में केस दर्ज किया गया था। अब यदि अजब सिंह कुशवाह जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(2) के दायरे में आते हैं तो उनकी विधायकी चली जाएगी और छह साल तक चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। पूर्व शासकीय अधिवक्ता भारत सिंह कौरव के अनुसार अभी अजब सिंह के पास अपील का मौका है।ग्वालियर में चोर से मिले 80 कारतूस और चोरी के जेवरात6 अक्टूबर 2012 को फरियादी पीएल शाक्य ने महाराजपुरा थाने में एक शिकायती आवेदन दिया था। उनकी ओर से बताया गया कि अजब सिंह कुशवाह, उनकी पत्नी शीला कुशवाह, उनके साथी कृष्ण गोपाल चौरसिया ने महाराजपुरा क्षेत्र में सर्वे क्रमांक 516, 517 का 1600 वर्गफीट का प्लाट सात लाख 47 हजार पांच सौ रुपये नगद लेकर विक्रय किया था।जब पीएल शाक्य उस प्लाट



पर निर्माण करने पहुंचे तो पता चला कि उस प्लाट को अजब सिंह ने किसी दूसरे को बेच दिया है और उसने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। आरोपितों ने छलपूर्वक उस प्लाट को बेचा था। जो प्लाट बेचा था, वह शासकीय भूमि पर था। पीएल शाक्य ने अजब सिंह कुशवाह, शीला कुशवाह व कृष्ण गोपाल चौरसिया से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जाति सूचक गालियां दीं और धमकी देते हुए भगा दिया।जिसके बाद महाराजपुरा थाना पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, षड्यंत्र रचने व एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक मेहरोत्रा ने कोर्ट में तर्क दिया कि अजब सिंह कुशवाह वर्तमान में विधायक हैं। उन्होंने जो अपराध किया है व समाज के विश्वास को क्षति पहुंचाने वाला है। इसलिए कठोर सजा सुनाई जाए।आरोपित ने बचाव में तर्क दिया कि उन्हें झूठा फंसाया गया है। सजा देने में नरमी बरती जाए। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को दो-दो साल की सजा सुनाई है। आरोपितों से अर्थदंड के जो पैसे जमा होंगे, उसमें से 25 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में फरियादी को दिए जाएं।

# स्टेशन पुनर्विकास का ठेका लेने वाली कंपनी के ‌तिनिधियों ने स्टेशन पर सर्वे प्रक्रिया शुरू कर दी है

**ग्वालियर ।** स्टेशन पुनर्विकास का ठेका लेने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों ने स्टेशन पर सर्वे प्रक्रिया शुरू कर दी है। मिट्टी की टैस्टिंग के लिए सैंपल भी ले लिए हैं। इस हफ्ते में हैदरावाद की कंपनी अपना सेटअप जमा लेगी। 16 दिसंबर तक उसे काम शुरू कर देगी। यदि काम शुरू नहीं किया तो उस पर जुर्माना लगना शुरू होगा। इसलिए कंपनी जल्द से जल्द काम शुरू करना चाहती है। सबसे पहले क्वार्टरों को तोड़ना शुरू होगा। 201 क्वार्टर तोड़ने हैं और पेड़ काटने हैं। इस कार्य का भूमिपूजन कराया जाएगा,स्टेशन पुनर्विकास का ठेका हैदराबाज की केपीसी कंपनी को मिला है। इस कंपनी को यह ठेका 462 .79 करोड़ में मिला है। ठेका देने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब कंपनी को अपना कार्य शुरू करना है, जिसके चलते कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपना सर्वे शुरू कर दिया है। साथ ही कंपनी को अपना कार्यालय भी खोलना है। रेलवे के अधिकारियों ने प्लेटफार्म नंबर एक पास चार जगह दिखाई थी। स्टेशन पर अपना कार्यालय खोला है।क्वार्टरों व आफिसों की होनी है तुड़ाई प्लेटफार्म नं. एक की ओर बने 201 क्वार्टरों की तुड़ाई की जानी है। आवास के साथ ही आरपीएफ थाना, रेलवे कोर्ट सहित कुछ कार्यालयों को भी तोड़ा जाना है। कार्य शुरू होने से पहले इनकी तुड़ाई की जानी है। इसके लिए कार्यालयों को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है, जिससे कार्य प्रभावित नहीं हो। इन कार्यालयों के लिए नई इमारत बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।रतन ज्योति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग साइंसेज एवं रतन ज्योति पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस मनाया। इसके अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये।

# ग्वालियर में चोर से मिले 80 कारतूस और चोरी के जेवरात

**ग्वालियर.** । मुरार पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोच लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस को अलग घरों से चोरी किए गए 80 कारतूस बरामद हुए हैं। यह देखकर पुलिस का भी माथा ठनक गया। पुलिस ने जब पकड़े गए चोर से पूछताछ की तो उसके पास चोरी के गहने भी बरामद हुए हैं। इस चोर को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है । बदमाश को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है। मुरार थाना प्रभारी शैलेंद्र भार्गव ने बताया कि किसन उर्फ पंडित निवासी खुरैरी बड़गांव का रहने वाला है। यह शातिर चोर है जिसकी तलाश में पुलिस लंबे समय से लगी हुई थी। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने बदमाश को उसके घर से दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने थाना मुरार, सिरोल व थाटीपुर क्षेत्र में अपने एक अन्य साथियों के साथ लाखों की चोरी करना स्वीकार किया। शातिर चोर आदतन अपराधी




है जिसके विरूद्व शहर के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक चोरी, नकबजनी, हत्या व हत्या का प्रयास के प्रकरण पंजीबद्व हैं तथा इसके द्वारा हत्या के प्रकरण में भी सजा भी काट चुका है। पक? गये शातिर चोर ने एक अन्य नकबजन साथी की मदद से मांगी हुई मोटर सायकिल का उपयोग कर थाना मुरार, सिरोल, थाटीपुर व हजीरा क्षेत्र में छः चोरी की ब?ी बारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी के घर से पूर्व में चोरी गया मशरूका 12 बोर के 22 राउण्ड, 315 बोर के 43 राउण्ड, 32 बोर पिस्टल के 15 राउण्ड कुल 80 राउण्ड व सोने चॉदी के जेवरात बरामद किये जा चुके है। उक्त पकडे गये नकबजन को माननीय जिला मजिस्ट्रेट ग्वालियर द्वारा राष्टीय सुरक्षा अधिनियम 1980 (एनएसए) किया गया था। जिस पर से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज गया है। आरोपी को प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर छः चोरियों व शेष बचे हुये राउंडो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।






स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478